वर्ष-3, अंक-33
इन्दौर, मंगलवार
15 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020


# राष्ट्रीय जनभावना

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य



## न्यूज़ ब्रीफ

### राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

**अयोध्या ।** अयोध्या में सोमवार सुबह राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना की गई। कलश की पहले पूजा की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ इसे मुख्य शिखर पर रखा गया। परकोटे और सप्त ऋषि मंदिरों की मूर्तियां आज जयपुर से अयोध्या पहुंच सकती हैं। राम मंदिर परिसर में लगने वाली सभी मूर्तियां 30 अप्रैल तक मंदिरों में रख दी जाएंगी। राम मंदिर की सुरक्षा के लिए 4द्मद्व लंबी दीवार बनाने का काम शुरू होगा। डेढ़ साल में ये दीवार बनकर तैयार होगी। राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ये जानकारी दी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इंजीनियर इंडिया लिमिटेड राम मंदिर की सुरक्षा दीवार बनाएगी। दीवार की ऊंचाई और मोटाई कितनी होगी, इस पर फैसला लिया जा रहा है। मिट्टी की जांच के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। वहीं, यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

### चीन का निर्यात बढ़ा, आयात में गिरावट

**बैंकॉक ।** चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं इसी दौरान आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बाद यह बढ़ोतरी देखी जा रही है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निर्यात 2025 के पहले तीन (जनवरी-मार्च) महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष की पहली जनवरी-मार्च तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा।

### उड़ीसा से गांजा ले आया, भोपाल में डिलेवरी देने से पहले पहुंच गया सलाखो के पीछे

**भोपाल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच टीम ने गांजा तस्कर को 4 किलो 900 ग्राम माल सहित गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की गांजा तस्करो की सुरागशी में जुटी क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली की थाना शाहजहानाबाद इलाके में वीआईपी गेस्ट हाउस के पीछे लालघाटी पर एक सदिंग्ध अधेड़ प्लास्टिक का थैले में गांजा लेकर उसकी डिलेवरी देने के लिये खड़ा है। खबर मिलते ही टीम ने मुखबिर द्वारा बताये स्थान की घेराबंदी करते हुए सदिंग्ध को पकड़कर पूछताछ की। आरोपी ने अपनी पहचान अन्नू उर्फ अनवर पिता शिवू (62) निवासी मदर इंडिया कालोनी ईदगाह हिल्स शाहजहानाबाद के रुप मे बताई।

# गुजरात में 1800 करोड़ की 300 किलो ड्रग्स जब्त

## पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र में फेंककर भागे तस्कर; पाकिस्तानी बोट होने की आशंका

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है।

गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (ATS) और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है। गुजरात ्रञ्जस् से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। अंधेरे के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय



सीमा पार कर भाग निकले। कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में ्रञ्जस् को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि गुजरात ड्रग्स तस्करी का अहम रूट बनता जा रहा है। पिछले साल अप्रैल 2024 में भी द्बष्टत्र ने पोरबंदर के पास 86 किलो ड्रग्स (600 करोड़ की कीमत) पकड़ी थी। फरवरी 2024 में नौसेना और द्बष्टक्च ने 3300 किलो ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत 1300 से 2000 करोड़ रुपए थी।

### नवंबर में अंडमान के पास 6 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुई थी

इंडियन कोस्ट गार्ड ने 24 नवंबर को अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास से 6 हजार किलो की ड्रग्स जब्त की।

कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि पोर्ट ब्लेयर से 150 किलो मीटर दूर बैरेन आइलैंड के पास एक नाव से ड्रग्स के 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले थे। नाव में म्यांमार के 6 नागरिक सवार थे। सभी को हिरासत में लिया गया। कोस्टगार्ड के अधिकारी ने बताया कि कोस्ट गार्ड के डोर्नियर एयरक्राफ्ट के रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान पायलट को यह बोट दिखाई दी थी।

# बड़े बदलाव के मूड में कांग्रेस, प्रियंका को पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं, भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके सबसे उल्लेखनीय हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है। कांग्रेस द्वारा संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा की भविष्य की भूमिका पर जल्द ही



निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, क्योंकि पार्टी उपाध्यक्ष के पद पर उनकी संभावित पदोन्नति को लेकर आंतरिक चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं, भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके सबसे उल्लेखनीय हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है। यह परियोजना, जो जिला-स्तरीय नेताओं को अधिक जिम्मेदारी और अधिकार देकर कांग्रेस के जमीनी ढांचे को मजबूत करने का प्रयास करती है, बाद में इसे अन्य राज्यों में भी दोहराया जा सकता है यदि यह गुजरात में सफल हो जाती है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि प्रियंका की औपचारिक भूमिका पर चर्चा के साथ-साथ, कांग्रेस संगठन के भीतर व्यापक कार्यात्मक बदलावों की भी तैयारी कर रही है। आगामी चुनावी चुनौतियों से पहले पार्टी के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आंतरिक प्रणालियों और परिचालन दक्षता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि प्रियंका गांधी वाड्रा की पदोन्नति पर अंतिम निर्णय अभी भी लंबित है, लेकिन प्रमुख संगठनात्मक पहलों में उनकी भागीदारी कांग्रेस की भविष्य की दिशा को आकार देने में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।

# राम मंदिर ट्रस्ट को मिली संदिग्ध मेल

**लखनऊ (एजेंसी)।** मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ईमेल रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को मिला था। हालांकि पुलिस ने ईमेल के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के एक व्यक्ति ने अंग्रेजी में ईमेल लिखा है। अभी तक राम मंदिर ट्रस्ट या सुरक्षा एजेंसियों की ओर से ईमेल के बारे में कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर को एक ईमेल मिला है, जिसमें ट्रस्ट को मंदिर की सुरक्षा को लेकर चेतावनी दी गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ईमेल के बारे में और जानकारी जुटाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि ईमेल रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को मिला था।

## पश्चिमी सूडान में आरएसएफ के हमले में 56 लोगों की मौत

**खार्तूम (एजेंसी)।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी प्रांत दारफुर के उम्म कडाडा में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में 56 लोग मारे गए हैं। स्वयंसेवी समूहों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरएसएफ ने गुरुवार को शहर पर नियंत्रण करने के बाद हमला किया । सभी मृतक स्थानीय नागरिक हैं। एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह ने मिलिशिया पर व्यापक उल्लंघन करने, निवासियों को जबरन विस्थापित करने और सभी संचार नेटवर्क बंद करने का आरोप लगाया। आरएसएफ ने आवासीय घरों को जला दिया और संपत्तियों को लूट लिया। इसके अलावा स्थानीय अस्पताल पर भी हमला किया और अस्पताल के निदेशक सहित चार चिकित्सा कर्मचारियों की हत्या कर दी।

## कोरबा में वाहन नहर में गिरा, पांच लोग बहे, तीन शव बरामद



**कोरबा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में रविवार को पिकअप पलटकर नहर में गिर गई जिसके तेज बहाव में दो बच्चे और तीन महिलाओं समेत पांच लोग बह गए। हादसे के 24 घंटे बाद सोमवार को अब तक दो महिला और एक बच्ची के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि दो लोग अब भी लापता हैं। मामला उरगा थाना क्षेत्र के मड़वारानी जर्वे का है। मिली जानकारी के मुताबिक, पिकअप वाहन में लगभग 20 से 25 लोग सवार होकर सक्ती जिले के ग्राम रेडा से कोरबा में एक पारिवारिक छठी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। इसी दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और नहर में जा गिरी। हादसे के बाद बाकी लोग तैरकर बाहर निकल आए, जबकि पांच लोग लापता हो गए थे। इनमें से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू टीम देर रात तक अभियान चलाने के बाद कोरबा लौट गई।

## डीजे की शोर से 23 वर्षीय युवक की मौत

**नासिक।** डीजे की आवाज के कारण 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह घटना उस समय हुई जब डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित जुलूस के दौरान डीजे बजाया जा रहा था। जब डीजे बज रहा था तो अचानक युवक के नाक और कान से खून बहने लगा। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी मौत हो गई। यह चौंकाने वाली घटना नासिक में घटी। पंचवटी पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती है। अंबेडकर जयंती के अवसर पर कई स्थानों पर भव्य जुलूस निकाले जाते हैं।

# PNB घोटाले का आरोपी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

## भारत की प्रत्यर्पण अपील के बाद एक्शन

**ब्रूसेल्स (एजेंसी)।** आतंकी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बाद अब घोटालेबाज भगोड़ा मेहुल चौकसी पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है।



चौकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। खास बात है कि यह गिरफ्तारी ऐसे समय पर हुई है, जब भारत सरकार की ओर से उसे प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया गया है। वह कथित तौर पर पत्नी के साथ बेल्जियम में रह रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि चौकसी को गिरफ्तार किया गया था और उसे जमानत मिलने में समय लगेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि सीबीआई बेल्जियम के अधिकारियों के संपर्क में है, ताकि प्रत्यर्पण के अनुरोध पर काम किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि चौकसी ने बेल्जियम में रहने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था, ताकि भारत में प्रत्यर्पण से बचा जा सके। एक रिपोर्ट में कहा गया था, चौकसी ने बेल्जियम के अधिकारियों को झूठे घोषणापत्र और जाली दस्तावेज दिए थे और आवेदन प्रक्रिया में राष्ट्रीयता को गलत बताया था। उसने भारत और एंटिगुआ की नागरिकता की जानकारी नहीं दी थी।

# चीन ने कीमती मेटल्स की सप्लाई रोकी

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ती ट्रेड वॉर के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर रोक लगा दी है।

चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं। ये मटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा। ये महंगे हो जाएंगे। चीन ने 4 अप्रैल को इन 7 कीमती धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। आदेश के मुताबिक ये कीमती धातुएं और उनसे बने खास चुंबक सिर्फ स्पेशल परमिट के साथ ही चीन से बाहर भेजे जा सकते हैं।

**गोल्डमैन सैक्स ने जारी किया नया अनुमान**

# सोने का भाव पहुंच सकता है 1.30 लाख प्रति 10 ग्राम

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना इंटरनेशनल मार्केट में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल



रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.30 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है। हालांकि ऐसा तभी होगा जब ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाए। अगर ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क एक्स्ट्रीम लेवल पर नहीं पहुंचता है, तब भी सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

### अभी 93,353 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर सोना

सोना अभी अपने रिकॉर्ड हाई पर है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 93,353 पर पहुंच गया है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,191 रुपए यानी 22.57% बढ़कर 93,353 रुपए प्रति 10 ग्राम बिक रहा है।

# संघ केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज के लिए काम करता : भागवत

**कानपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सोमवार को नवनिर्मित संघ भवन और भीमराव अंबेडकर सभागार का उद्घाटन किया। इस दौरान लोगों को संबोधित कर उन्होंने कहा कि हम आपसी मतभेदों में उलझे और इसका विदेशी आक्रांताओं ने इसका फायदा उठाया। भागवत ने कहा, संघ केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज के लिए काम करता है, देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए संघ हमेशा काम करता है। संघ प्रमुख भागवत ने विशाल जनसमूह की ओर देकर कहा, यहां उत्सव का वातावरण कई बार आया, लेकिन इतनी भीड़ कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि अपने समाज में लोग बीते दो हजार वर्षों से आपसी स्वार्थों में लगे रहे, आपसी मतभेद भी रहे। इसके कारण विदेशी आक्रांताओं ने हमें पीटा और फायदा भी उठाया। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि बाबा साहेब को जीवन में बड़ी विषमताओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने बचपन से ही विषमता को देखा। उन्होंने जीवन भर समाज को एकजुट करने का काम किया। संघ प्रमुख की 15 तथा 16 अप्रैल को संघ के छह आयाम में से एक सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी। इसमें पर्यावरण, सामाजिक समरसता के प्रांत स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग समय पर बैठक होगी। वे 15 अप्रैल को कानपुर के पूर्व भाग कोयला नगर और 16 अप्रैल को निराला नगर की शाखा में जाने वाले है। इसके बाद 17 अप्रैल को संघ की प्रांत कार्यकारिणी के साथ, संघ शताब्दी वर्ष में संघ के पंच परिवर्तन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्य, स्वबोध जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे और प्रांत में उस दिशा में बढ़ रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान संघ प्रमख को बताया गया कि नवनिर्मित चार मंजिल के संघ भवन को काफी अच्छे ढंग से बनाया गया है। भवन के बेसमेंट में पार्किंग के अलावा एक बड़ी लाइब्रेरी की स्थापना भी की गई है। पूरी बिल्डिंग में वेंटिलेशन का ध्यान रखा गया है। जगह-जगह खिड़कियां बनाई गई हैं। दिन में बिल्डिंग में लाइट जलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# सलमान खान को धमकी- लिखा घर में घुसकर मारेंगे, कार भी उड़ा देंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर धमकी मिली है। बता दें कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से कथित तौर पर खान को कई बार धमकी दी जा चुकी है।

बीते साल एक्टर के आवास पर गोलीबारी के मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि इस नई धमकी के संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल, आरोपी का पता नहीं चल सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई परिवहन विभाग के वॉटसऐप नंबर पर मैसेज आया



था। संदेश में एक्टर खान को घर में घुसकर मारने की धमकी दी गई थी। साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी। वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। फिलहाल, पुलिस ने धमकी भरे संदेश की जांच शुरू कर दी है। काला हिरण केस के कारण निशाने पर? बिश्नोई गैंग की तरफ से कथित तौर पर काला हिरण मारे जाने को लेकर सलमान को कई बार धमकी मिल चुकी है। मामला 1998 का है। साल 2024 में भी एक्टर को धमकी मिली थी, जिसमें मंदिर जाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने या 5 करोड़ रुपये देने की मांग की गई थी।

## संपादकीय

### करणी सेना की सांसद और सरकार को चुनौती



*हाल ही में आगरा में आयोजित राणा सांगा रक्त स्वाभिमान सम्मेलन और उससे पूर्व निकाली गई करणी सेना की रैली ने जिस तरह से स्थानीय प्रशासन, सांसद और पुलिस प्रशासन को खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन कर चुनौती दी। उसने देशभर की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को झकझोर कर रख दिया है। यह आयोजन समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा संसद में दिए गए कथित बयान के विरोध में हुआ। जिसे राजपूत समाज ने अपने स्वाभिमान पर आघात माना है। रैली में प्रयोग की गई भाषा, बयानबाजी और सांसद के खिलाफ खुलेआम दी गई धमकियाँ इशारा करती हैं, कि असहमति अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मर्यादाओं में नहीं बल्कि भीड़तन्त्र और भावनाओं की उग्रता को हथियारों के साथ सडकों पर व्यक्त की जा रही है। ÷मुंह फाड़ के माफी मंगवाई जाएगी÷ जैसे शब्द न केवल संविधान की गरिमा को ठेस पहुँचाते हैं बल्कि सरकार और प्रशासन को चुनौती देते हुए नजर आ रहे हैं। इससे लोकतंत्र की जड़ों को भारी क्षति पहुँचती है। कानून व्यवस्था अब भीड़ तंत्र के अनुसार चलेगी ऐसा दिखने लगा है। यह चिंता का विषय है। किसी भी समाज मे भावनाओं की आड़ लेकर धार्मिक, राजनीतिक या सामाजिक संगठन सरकार और संसद को चुनौती देने का साहस कर रहे हैं। क्या यह किसी एक समुदाय का गुस्सा है या फिर भीड़ तंत्र के सहारे यह सत्ता और व्यवस्था को दबाव में लेने की एक सोची-समझी रणनीति है जिला प्रशासन की सतर्कता, तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था और हर स्तर पर निगरानी व्यवस्था की बात तो कर रहा है। लेकिन जिस तरह से खुलेआम सड़कों पर हथियारों के साथ जिस भाषा का प्रयोग एक सांसद और एक राजनीतिक दल के बारे में किया जा रहा है। वह भारत की कानून व्यवस्था का खुले आम उल्लंघन है। पुलिस द्वारा समय रहते कोई कार्रवाई नहीं किया जाना, इस ओर इशारा करता है, कि कहीं ना कहीं आंदोलनकारी भीड को सरकार और प्रशासन का समर्थन और सहयोग प्राप्त है। ऐसे उग्र आयोजनों को केवल कानून-व्यवस्था के चश्में से नहीं देखा जाना चाहिए। इसके पीछे की सामाजिक, राजनीतिक और वैचारिक प्रवृत्तियों को भी समझा जाना वर्तमान स्थिति को देखते हुए जरूरी हो गया है। सरकार और संसद को चाहिए कि वह इस मामले को नजरअंदाज करने के स्थान पर कठोर कार्रवाई करें। दो टूक, स्पष्ट नीति को अपनाएं। यदि सांसद का बयान अनुचित था, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी संगठन या भीड़ को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति एवं स्वाभिमान का मौलिक अधिकार सभी नागरिकों के पास समान रूप से है। वह संविधान के अनुच्छेदों के अंदर रहकर ही सुरक्षित रह सकता है। हर असहमति सड़कों पर भीड़ और धमकी में तब्दील होने लगेगी, तो यह संस्कृति लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए अत्यंत घातक होने का संकेत हैं। अब समय आ गया है। लोकतंत्र की गरिमा और सार्वजनिक संवाद की मर्यादा को बनाए रखने के लिए सभी पक्ष संयम, संवाद और संविधान का मार्ग अपनाएं। इसमें प्रशासन और न्यायपालिका की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है। जिन संस्थाओं के ऊपर यह जिम्मेदारी है यदि वह ठीक तरीके से काम नहीं कर रही हैं। यह चिंता का सबसे बड़ा कारण है। न्याय पालिका की अनदेखी तथा न्याय पालिका के ऊपर सरकारी दबाव के कारण अराजकता की स्थिति पैदा हो रही है। वर्तमान में जो हालात बने हैं, वह 1947 में जिस तरह से स्वतंत्रता के पश्चात हालात बने थे।*

## कविता

### तुम्हीं हो मेरी तन्हाई



तुम मेरी हूर मोहब्बत हो,
तुम मेरी नुर शौहरत हो,
तुम्हीं हो मेरी गुल तन्हाई,
तुम्हीं मेरी खुब जरूरत हो ।

मैं चाहता हूँ बस तुमको,
मैं मानता हूँ रब तुमको
मैं पाना चाहता हूँ दिलबर
प्यार करता हूँ बस तुमको
।

तुम मेरी अंतिम ख्वाहिस हो
तुम मेरी अंतिम च्याइस हो,
तुम्हीं हो मेरा अंतिम आसरा,
तुम्हीं अंतिम फ़रमाइस हो ।

हमें तुम्हारे साथ है जीना
, हमें तुम्हारें साथ है मरना
मेरा कोई नहीं हैं हमनवाँ,
हमें तुम्हारे साथ है रहना ।
तुम मेरी साये में आ जाओ,
तुम मेरे दिल में समा जाओ,
बस मोहब्बत हो गई तुमसे,
तूफ़ान में दिप जला जाओ।

**के, के, कौशल**
**इन्दौर, मध्यप्रदेश**

## पैबंद


शहर की सबसे व्यस्त सड़क के कोने पर, एक बुटीक चमकता था– रेशमी रेखाएँ। भीतर एयरकंडिशन की ठंडी हवा, बाहर तेज़ सर्दी का मौसम। अंदर फैशन पर चर्चा होती, डिज़ाइनर कपड़ों की नुमाइश चलती और बाहर, एक बूढ़ा अपनी चादर में काँपता बैठा रहता–हर दिन, उसी जगह। उसके कपड़े जगह-जगह से फटे थे। पगड़ी पुरानी थी, जूतों की जगह पाँवों पर बोरे के टुकड़े बँधे थे। मगर उसके चेहरे पर एक अजीब सी शांति थी–जैसे किसी संत की, जो मांगता कम है, मगर देखता बहुत है। एक दिन बुटीक के मालिक से रहा नहीं गया। उसने बाहर निकलकर उस बूढ़े से पूछा– क्यों बाबा, हर रोज़ यहीं क्यों बैठते हो पास में धर्मशाला है, वहाँ क्यों नहीं चले जाते बूढ़ा मुस्कराया। उसकी मुस्कान में अनुभव की ठंडी धूप थी। बाबूजी, उसने धीमे स्वर में कहा, धर्मशाला रोटी देती है, मगर नज़रों से तौलती है। यहाँ बैठे-बैठे कई बार देखा है, जब किसी अमीर ग्राहक का मन भर जाता है, तो पुराना कोट फेंक देते हैं... कई बार वो फेंका हुआ कोट किसी की रात बचा लेता है। मालिक असहज हो गया। उसे कभी यह ख्याल भी नहीं आया था कि उसकी दुकान के बाहर बैठा यह फटेहाल बूढ़ा, उनकी चकाचौंध को इतनी गहराई से देखता है। तो तुम इसलिए बैठते हो... कि कोई पुराना कपड़ा फेंक दे मालिक ने हल्की उपेक्षा से कहा। बूढ़ा फिर मुस्कराया, कभी-कभी, बाबूजी... जिनके पास कुछ नहीं होता, वो वहीं बैठते हैं जहाँ सब कुछ होता है। शायद किसी दिन करुणा फिसलकर नीचे गिर पड़ेज और कोई पैबंद मेरी रात को ढँक दे। मालिक बिना कुछ कहे भीतर चला गया। अगले दिन बुटीक की दीवार पर एक नया पोस्टर चिपका था– रेशमी रेखाएँ द्वारा 'पुराने कपड़ों का संग्रह'– ज़रूरतमंदों के लिए गर्मी बाँटिए, फैशन बाद में भी चल जाएगा! शहर में हलचल मच गई। लोग अपने पुराने जैकेट, स्वेटर और कंबल लेकर आने लगे। सेल्फी भी हुई, अखबारों में खबर भी छपी। मगर... बूढ़ा नहीं आया। न अगली सुबह, न परसों। एक राहगीर ने बताया – वो... उस रात ज्यादा ठंड थी। शायदज उसकी साँसें सर्दी से हार गईं। बुटीक मालिक ने बहुत देर तक उस खाली जगह को देखा जहाँ बूढ़ा बैठा करता था। शहर में अब गर्म कपड़े बाँटे जा रहे थे। ठंड कम हो गई थी... पर एक आवाज़ गूंजती रही– पैबंद लगाने से कपड़े नहीं बचते... इंसान भी बचते हैं।

**डॉ. सिद्धार्थ कुमार जौहरी, प्राचार्य,**
**सेज़ महाविद्यालय, इंदौर (मप्र)**

# महिलाओं की बढ़ती हुई आत्मनिर्भरता

नए भारत में महिलाएं आत्म निर्भर हो रही हैं इसके संकेत तो पिछले कुछ दिनों से मिलने लगे थे अब पुख्ता प्रमाण भी मिलने लगे हैं।खबर रोचक है।स्मरणीय है प्रेरणादायी है गुप्त सूत्रों से निकल कर आई है मगर शत प्रतिशत सत्य है कि उत्तम प्रदेश के महाराजाओं वाले ज़िले में कुछ महिलाएं पी. एम. आवास की पहली किश्त खाते में आते ही अपने प्राचीन पतियों को प्राचीन भवन में छोड़कर नए भारत के सपनों को साकार करने के लिए नए प्रेमियों के साथ अज्ञातवास पर चली गई हैं।अज्ञातवास का स्थान इतना अज्ञात है कि उनके पुराने पतियों से लेकर उनके मायके वालों तक को ज्ञात नहीं हो रहा।गनीमत ये है कि उनके पुराने पतियों का अपना कुछ नहीं गया वरना आजकल तो विवाह के दूसरे तीसरे दिन ही दुल्हन सारा माल वाल लेकर फरार हो जाती है।मतलब पतियों का अपना माल (इजत छोड़कर ) बच गया। जो भी गया है वो सरकार का गया है।दूसरे शब्दों में सरकारी योजना से उनकी उमंगों को नए पर उनके सपनों को नई उड़ान मिली है।अब इस बात से विपक्षी भी इंकार नहीं कर सकते कि ये सरकारी अनुदान से ही संभव हुआ है।कह सकते हैं कि साहब हैं तो सब कुछ संभव है।

वैसे हमारे यहां महाभारत काल से ही स्त्रियां स्वतंत्र व आत्मनिर्भर रही हैं।यहां तक कि उनकी संतानें भी उनके ही नाम से जानी जाती थीं।पिता का योगदान चर्चा के योग्य ही नहीं माना गया।स्त्री को सम्मान देने की हमारी संस्कृति में गौरवशाली परम्परा है।स्त्री आदि शक्ति है वंदनीय है। उसके दैवीय रूप की सदा से पूजा होती रही है।लेकिन इन माइग्रेटेड वाइफ की पूजा उनके नए परिवारों में होगी या नहीं कहना अभी कठिन है।इसके लिए प्रतीक्षा करना होगी।फिर भी उन्होंने अपने और आसपास के गांवों की महिलाओं को नया रास्ता दिखाया है इसमें दो मत नहीं। आजादी के बाद से हर सरकार की मंशा महिलाओं को सशक्त व



आत्मनिर्भर बनाने की रही है।और मान्यता है कि लोकतंत्र में जब तक आप विपक्ष में न हों सरकार की मंशा पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगाना चाहिए।सरकार चाहती थी कि घर की सम्पत्ति महिलाओं के नाम पर हो तो उसने भवन या भूखण्ड के पंजीयन शुल्क में पुरुषों की तुलना में महिलाओं को दो प्रतिशत की छूट दी ।इससे तलाक के बाद भी उन्हें सम्पत्ति का पूरा लाभ मिला।महिलाएं शासकीय सेवा की ओर आकर्षित हों जॉब में आएं इसके लिए उन्हें अतिरिक्त अवकाश दिए।कार्यालय में कोई परेशान न करे उनका शोषण न हो उनके हितों की रक्षा के लिए विशेष समितियां बनाई जिससे उनके सहयोगी साथी ही नहीं कार्यालय प्रमुख भी हर्षित हैं और कार्यालय में उनके अथक योगदान का गुणगान कर रहे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भर हों।माताओं बहिनों भांजयों के पास अपना जेब खर्च पाकेटमनी हो इसलिए महिला सम्मान निधि का श्री गणेश किया जो एक भारत एक कानून के होते अलग अलग रायों में डेढ़ हजार से ढाई हजार तक है।लेकिन कुछ रायों में अभी चुनाव न होने से शुरू नहीं हो पाया है। इन योजनाओं के प्रतिफल में जिस द्रुत गति से नई सरकारों को थोक में महिलाओं के वोट मिल रहे है वहां शुरू होने या राशि में बढ़ोतरी होने की उम्मीद बंध गई है।सोचिए जो महिला शक्ति एकजुट होकर सरकार बना रही है सरकारें क्या उसके लिए कमर कसकर मैदान में न उतरें महिलाएं मजबूत बनें यही सरकारों का ध्येय है।पुरुषों का क्या वह तो अपना काम कैसे भी चला लेगा।गांठ में पैसा होगा हाथ पैरों में दम होगा तो कोई भी व्यवस्था बना लेगा।उसकी क्या चिंता करना सरकारें कमजोर की चिंता करती हैं इसलिए कह सकते हैं कि सरकार सही दिशा में काम कर रही है। हमने नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे सुने थे अब इन्हें चरितार्थ होते देख रहे है।शिक्षित और आत्मनिर्भर होने के परिणाम विवाह विछेद में आ रहे हैं तो ये पुरुषों की असहनशीलता का परिणाम है।महिलाएं तो सदा से सहनशील भी हैं और विनयशील भी।आज पुरुष केवल कमाने में लगा है और महिलाएं खर्च करने में यह भी उनके बढ़ते प्रभुत्व का परिचायक है।

वह व्यापार में लगा है महिलाएं किटी पार्टी में।पहले लड़के लडकियों को रिजेक्ट करते थे आज लड़कियां लड़कों को रिजेक्ट कर रही हैं यह उनकी बढ़ती हुई क्षमता का द्योतक है।आखिर जिनका साथ छोड़कर भागी हैं वो वाकई इस लायक होंगे। इसमें सरकार क्या करे उसका तो बनना बिगड़ना तक महिलाओं पर निर्भर हो गया है।

**डॉ.महेन्द्र अग्रवाल**
**स. नई ग़ज़ल**
**सदर बाजार शिवपुरी**
**म.प्र.473551**

# कान है, तो जहान है

हमारे शरीर के अभिन्न हिस्सों में कान है। कान की महिमा अपरंपार है। कान के बिना कोई काम नहीं हो सकता। आपको चश्मा पहनना है। तो कान चाहिए। ईयर फोन लगाना है। तो कान चाहिए। बिना कान के कुछ नहीं हो सकता। ये कान ही है। जिसका चालीसा हम बचपन से ही सुनते आ रहे हैं। बचपन में मास्टर साहब कहते थे। होमवर्क करके नहीं लाये तो कान पकड़कर मुर्गा बन जाओ। ये अलग बात है कि आज तक मैनें मुर्गे का कान नहीं देखा। मुझे मुर्गे के कान को देखने की बहुत इच्छा थी। लेकिन आज तक नहीं देख पाया। मैं सोचता हूँ। कि मुर्गे ने कब कान पकड़ा होगा, कि उसको देखकर टीचर को याद आया होगा। कि हर शरारती छात्र को कान पकड़कर मुर्गा बनने की सजा दी जाये। स्कूल में अध्यापक अक्सर समझाते। जो मैनें पढ़ाया है। उस पर ध्यान दो। दूसरे क्या कहते हैं। उस पर कान मत दो। कभी किसी को कहते सुना कान खोलकर सुन लो। तुम्हारा ये काम मैं कभी जिंदगी में



नहीं करूँगा। बचपन और जवानी के दिनों में अक्सर लोग समझाते। कौआ कान लेकर उड़ गया। तुम कान देखोगे या कौए को वगैरह - वगैरह। खैर जो भी हो। बड़े हुए तो माता - पिताजी समझाते। कि मेरी हर बात कान खोलकर सुन लिया करो । मानो मैं हर बात पर कान बँद करके सुनता होऊँ, आजतक। बुआ हमेशा कहतीं। ये लड़का मेरी बात पर बिल्कुल कान नहीं देता। मैं हमेशा ऐसे लोगों से पूछना चाहता हूँ। कि जब इन लोगों के पास अपने - अपने कान हैं हीं। तो ये लोग दूसरे तीसरे लोगों से कान क्यों माँगते हैं। कान खोलकर सुन लो मुहावरे का सही अर्थ तब पतियों को समझ में आता है। जब उनकी शादी हो जाती है। दिन में हर दूसरी - तीसरी बात पर पत्नी बरजती है। तुम मेरी बात पर बिल्कुल कान नहीं देते। कल तुमसे बाजार से आलू लेने को कहा था। और तुम भिंडी उठा लाये। और भिंड़ी लाये भी हो तो कैसे। बिल्कुल सड़े हुए। कान के साथ - साथ तुम्हारे हाथ और आँखें भी खराब हो गई है , क्या देखकर नहीं ला सकते थे। सारे टमाटर सड़े निकले।

पति कभी ऊँचा बोल दे। तो पत्नी कहती है, कि इतना ऊँचा क्यों बोलते हो। कान अभी सही सलामत हैं , मेरे। तुमलोगों की चाकरी कर - करके मेरा दिल और दिमाग दोनों खराब हो गया है। एक कान ही बचा है। जो अभी सही सलामत हैं। और अगर गलती से आपने कह दिया। तुम्हारे कान खराब हैं क्या तुम ऊँचा सुनती हो। तब तो घर में महाभारत होना लगभग तय ही है। वैसे महाभारत से गुरूजी याद आये। गुरूजी जो कान खींचते थे। वो भी भला क्या कान खींचते थे। जब तक कान लाल ना हो जाये। कान पकड़कर मुर्गा बनना भी उन दिनों मुर्गासन की तरह था। एक तरह से मुर्गा बनने से व्यायाम भी हो जाता था। जब से लोग नौकरी में आयें हैं। कुर्सी ही तोड़ रहें हैं। पेट ढोल की तरह बाहर निकला जा रहा है। गुरूजी के समय मुर्गासन करने से मुर्गे की तरह हमारा पेट भी अँदर था। और हम मुर्गे की तरह पतले दुबले और फिट भी थें।

**महेश कुमार केशरी**
**ष्ट/ह्व -मेघदूत मार्केट फुसरो**
**बोकारो झारखंड**
**पिन 829144**

## चलते रहना जरूरी है

नेंस्ट हेमिंग्वे ने एक बार कहा था, वयस्क जीवन में सबसे कठिन सबक जो मुझे सीखना पड़ा, वह यह था कि अंदर से कितना भी टूट चुका हो, चलते रहना जरूरी है। यह सच्चाई कड़वी है, कठोर है, लेकिन सार्वभौमिक है। ज़िंदगी उस वक्त भी नहीं रुकती जब हमारा दिल टूटा होता है, जब हमारा मन थका हुआ होता है, या जब हमारी आत्मा बिखरने की कगार पर होती है। जीवन आगे बढ़ता रहता है,निर्दयी और बेपरवाह,और हमसे भी यही अपेक्षा करता है कि हम भी उसके साथ-साथ चलते रहें। न ठहरने का समय है, न ही घावों को भरने की फुर्सत, न ही खुद को समेटने की कोई चुपचाप जगह। दुनिया इंतज़ार नहीं करती, चाहे हम कितनी भी शिद्दत से एक पल के ठहराव की गुहार लगाएं। सबसे मुश्किल बात यह है कि हमें इसके लिए कोई तैयार नहीं करता। बचपन में हम उन कहानियों में खोए रहते हैं जिनका अंत हमेशा सुखद होता है!विजय की, मोक्ष की, सब कुछ ठीक हो जाने की। लेकिन जैसे ही हम बड़े होते हैं, जीवन उन सुखद कल्पनाओं की परतें उतार देता है। सच्चाई सामने होती है!बच जाना, ज़िंदा रहना, कोई नाटकीय या वीरतापूर्ण कार्य नहीं होता। यह वो होता है जब हम मुस्कराते हैं, जबकि भीतर से बिखर चुके होते हैं। जब हम सामने आते हैं, जबकि भाग जाना ज्यादा आसान लगता है। जब हम एक और क़दम आगे बढ़ाते हैं, जबकि हर कोशिका आराम के लिए तरस रही होती है! फिर भी, हम टिके रहते हैं। यही मानवता का चमत्कार है!हम टिके रहते हैं। सबसे गहरे दर्द के क्षणों में, हम अपने भीतर छिपी ताकत को पहचानते हैं। हम खुद को ढाढ़स देते हैं, उम्मीद की छोटी-छोटी किरणों में सहारा ढूंढ़ते हैं, और तब भी साहस के शब्द दोहराते हैं जब आसपास कोई नहीं होता। समय के साथ हम समझते हैं कि सहनशीलता कोई बड़ा शोर नहीं है। यह एक खामोश हठ है, एक अडिग इरादा कि ज़िंदगी के बोझ हमें पूरी तरह कुचल नहीं सकते। हाँ, यह अस्त-व्यस्त है। हाँ, यह थकाने वाला है। और हाँ, ऐसे दिन भी आते हैं जब बोझ असहनीय लगता है। लेकिन फिर भी, हम आगे बढ़ते हैं। हर छोटा, हिचकता हुआ क़दम हमारी सहनशक्ति का प्रमाण है।एक ऐसा संकेत कि हमारी सबसे अंधेरी घड़ियों में भी, हम अब भी लड़ रहे हैं, अब भी हार मानने से इंकार कर रहे हैं।यही संघर्ष, यही खामोश साहस–जीवन के असली मायने हैं।

**प्रस्तुति -सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, एमपी**

**व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....**

# सेंसेक्स की प्रमुख पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 84,559 करोड़ बढ़ा

**मुंबई ।** पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 84,559.01 करोड़ रुपये हो गया।

सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया, वहीं एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट




आई। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 28,700.26 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,054.27 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 19,757.27 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार पूंजीकरण 16,50,002.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अआईटीसी की बाजार हैसियत 15,329.79 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,845.57 करोड़ रुपये पर और बजाज फाइनेंस की 12,760.23 करोड़ रुपये बढ़कर 5,53,348.28 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 8,011.46 करोड़ रुपये बढ़कर 10,02,030.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के ?विपरीत टीसीएस का मूल्यांकन 24,295.46 करोड़ रुपये घटकर 11,69,474.43 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,319.11 करोड़ रुपये घटकर 5,85,859.34 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 12,271.36 करोड़ रुपये घटकर 6,72,960.97 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का 8,913.09 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,34,351.86 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,958.31 करोड़ रुपये घटकर 13,82,450.37 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमश- एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

# क्रूड सस्ता हुआ फिर भी महंगा हुआ पेट्रोल

## वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 64.81 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिराट के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार सुबह पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए हैं। सोमवार को यूपी से बिहार तक कई शहरों में तेल की खुदरा कीमतों में बदलाव दिख रहा है।

इससे पहले सरकार ने भी इस महीने की शुरुआत में पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी करीब 2 रुपये बढ़ा दिया था। ग्लोबल मार्केट में अभी क्रूड का भाव 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास चल रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 25 पैसे सस्ता होकर 94.87 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 28 पैसे गिरा और 89.01 रुपये लीटर पहुंच गया है लेकिन गाजियाबाद में पेट्रोल 26 पैसे महंगा होकर 94.70 रुपये और डीजल 30 पैसे बढ़त के साथ 87.81 रुपये लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 13 पैसे बढ़कर 105.60 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 11 पैसे महंगा होकर 92.43 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी गिरावट दिख रही है। वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर 64.81 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरावट के साथ 61.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।

# एसबीआई में सेलरी एकाउंट है तो सरकारी कर्मियों का होगा एक करोड़ का दुर्घटना बीमा

**रायपुर ।** झारखंड के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि अब उन्हें सेवाकाल के दौरान यदि दुर्घटना में मौत होती है तो उन्हें एक करोड़ रुपए का बीमा मिलेगा। यह योजना स्थायी कर्मचारियों के साथ-साथ संविदा कर्मियों के लिए भी है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में 17 अप्रेल को एसबीआई और राज्य वित्त विभाग के बीच हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे इस योजना को लागू किया जाएगा। एसबीआई ने इस प्रस्ताव को जनवरी में प्रस्तुत किया था और इसकी मंजूरी के बाद दो लाख से




अधिक सरकारी कर्मचारियों को इस सुविधा से लाभ मिलेगा। इस योजना से नये खाता खोलने पर भी फायदा होगा, इसलिए सभी सरकारी कर्मचारियों को इसका उपयोग करने की सलाह दी जाती है। यह कदम सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान करेगा और उन्हें अपने परिवार के लिए एक और सुरक्षितता स्त्रोत प्रदान करेगा।

# वन विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव

## – मप्र में बनाए जाएंगे कंजर्वेशन रिजर्व




इंदौर। मप्र में वन्यजीवों और वनस्पतियों की रक्षा के लिए अब कंजर्वेशन रिजर्व बनाए जाएंगे। यह क्षेत्र आमतौर पर स्थानीय समुदायों के सहयोग से प्रबंधित होते हैं और उनका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी उपयोग सुनिश्चित करना है। मप्र का पहला कंजर्वेशन रिजर्व बैतूल जिले में सतपुड़ा और मेलघाट टाइगर रिजर्व के बीच में स्थापित किया जाएगा। बैतूल के एक ओर होशंगाबाद जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व है, दूसरी ओर दक्षिण में महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मेलघाट टाइगर रिजर्व है। बैतूल के जंगल दोनों टाइगर रिजर्व के बीच वन्यजीवों के आवागमन के लिए वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का काम करते हैं। इसलिए यह कंजर्वेशन रिजर्व के लिए प्रदेश में सबसे अनुकूल साइट है। महाराष्ट्र बार्डर पर यहां कंजर्वेशन रिजर्व बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।जानकारी के अनुसार कंजर्वेशन रिजर्व बनाने का प्रस्ताव वन विभाग ने शासन को भेजा है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल प्रदेश के राघौगढ़, बैतूल और बालाघाट के वनक्षेत्र में कंजर्वेशन रिजर्व बनाने की तैयारी है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। गौरतलब है कि कंजर्वेशन रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य की तरह होगा। यह आकार में इनसे छोटा होगा। यहां भी चराई, कटाई और शिकार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका संचालन समिति द्वारा किया जाएगा। कंजर्वेशन रिजर्व में कुछ छूट भी रहेगी। वर्ष 1972 के वन संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित क्षेत्रों में प्रावधान लागू होंगे। कंजर्वेशन रिजर्व की सीमा भी निर्धारित की जाएगी।प्रदेश में सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्वगौरतलब है कि प्रदेश में बाघों के संरक्षण के लिए 9 टाइगर रिजर्व हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा बाघ है और टाइगर रिजर्व की संख्या भी सबसे ज्यादा है। प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण को उच्च प्राथमिकता दी गई है। मप्र में वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों का क्षेत्रफल 11198.954 वर्ग किलोमीटर है। यहां 11 राष्ट्रीय उद्यान एवं 24 वत्त्यप्राणी अभयारण्य है। कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना, पेंच, सतपुड़ा एवं संजय राष्ट्रीय उद्यानों तथा इनके निकटवर्ती 7 अभयारण्यों को मिलाकर प्रदेश में पहले 6 टाइगर रिजर्व बनाए गए थे। इसके अलावा 2023 में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का गठन नौरादेही एवं वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य को शामिल कर किया गया। रातापानी टाइगर रिजर्व का गठन दिसम्बर 2024 में हुआ। इन 8 टाइगर रिजर्व का कोर जोन 6951.458 वर्ग किमी तथा बफर जोन 6833.377 वर्ग किमी है। इस साल माधव नेशनल पार्क को भी टाइगर रिजर्व का दर्जा मिल चुका है। यहां बाघों की संख्या बढ़ाई जा रही है। डिंडौरी जिले के घुधवा में फॉसिल राष्ट्रीय उद्यान है, जहां 6 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म संरक्षित किए गए हैं। धार जिले में डायनोसोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान, बाग स्थापित किया गया है। भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान को आधुनिक चिड़ियाघर के रूप में मान्यता प्राप्त है। केरवा भोपाल में गिद्धों के संरक्षण के लिए प्रजनन केन्द्र की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त मुकुंदपुर, जिला सतना में व्हाइट टाइगर सफारी एवं चिड़ियाघर स्थापित किया गया है।तीन कंजर्वेशन रिजर्व बनाने के प्रस्तावप्रधान मुख्य वनसंरक्षक वन्यजीव शुभरंजन सेन का कहना है कि प्रदेश के वनक्षेत्र को संरक्षित करने कंजर्वेशन रिजर्व बनाए जा रहे है। तीन कंजर्वेशन रिजर्व बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। मंजूरी के बाद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लोगों को रोजगार भी मिलेगा। कंजर्वेशन रिजर्व अभयारण्य से अलग होगा। किसी भी वनक्षेत्र को जब अभयरण्य घोषित किया जाता है, तो स्थानीय समुदाय की नाराजगी होती है। जंगल पर निर्भर रहने वाले समुदाय पर प्रतिबंध लग जाते हैं। इसको देखते हुए ऐसे वनक्षेत्र जहां ज्यादा गांव है उन वन क्षेत्रों को संरक्षित करने के लिए कंजर्वेशन रिजर्व बनाए जा रहे है। इनका संचालन स्थानीय लोगों की समिति को दिया जाएगा, जिससे वहां की जरूरतों के मुताबिक रहवासियों को छूट के प्रावधान रहेंगे। इससे स्थानीय लोगों की नाराजगी भी नहीं रहेगी और वनक्षेत्र का संरक्षण भी होगा।

## वाहनों में लगाए वीएलटीडी और इमरजेंसी पैनिक बटन बनकर रह गए शो-पीस

# महिला सुरक्षा को लेकर सतर्क नहीं परिवहन विभाग

इंदौर । वर्ष 2022 में महिला सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने जो तत्परता दिखाई थी, वह तीन साल बाद जस की तस है। गौरतलब है कि यात्री वाहन की निगरानी परिवहन विभाग, पुलिस व गाड़ी के मालिक कर सके इसके लिए परिवहन विभाग ने यात्री वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस(वीएलटीडी) व पैनिक डिवाइस लगाने का अभियान शुरू किया था। जानकारी के अनुसार निर्भया फंड के तहत केंद्र व राज्य सरकार ने परिवहन विभाग को फंड दिया। 15 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से भोपाल में कंट्रोल कमांड सेंटर बनाया गया है। लेकिन उसे तीन साल बाद भी पुलिस कंट्रोल रूम से नहीं जोड़ा जा सका।

परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण राजधानी समेत प्रदेशभर में महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाले वाहनों में लगाए गए वीएलटीडी यानी व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस और इमरजेंसी पैनिक बटन शो-पीस बनकर रह गए हैं, क्योंकि ट्रॉयल के 3 साल बाद भी कमांड सेंटर पुलिस कंट्रोल रूम से नहीं जुड़ पाया है। अगर कोई बस में पैनिक बटन दबाता है तो कॉल पुलिस के पास नहीं बल्कि वाहन मालिक के पास जाता है। दूसरी तरफ वाहन संचालक यह सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों पर अवैध वसूली के आरोप भी लगा रहे हैं। गौरतलब है कि निर्भयाकांड के बाद केन्द्र सरकार ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट में महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पैनिक बटन की व्यवस्था शुरू की थी, लेकिन एक तरफ जहां यह व्यवस्था लापरवाही और गड़बड़ियों की भेट चढ़ती नजर आ रही है, तो दूसरी तरफ हर रोज पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करने वाली महिला यात्रियों की सुरक्षा भी सुरक्षा भी रामभरोसे नजर आ रही है। कई महिला यात्रियों की शिकायत है कि जब जरूरत पड़ती है तब या तो पैनिक बटन काम ही नहीं करता या फिर दबाने के बाद भी कोई मदद नहीं आती। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में महिला यात्रियों के साथ आए दिन छेडख़ानी या दुर्व्यव्हार के मामले होते हैं।



### पुलिस कंट्रोल रूम से न जुड़ पाया कमांड सेंटर

दरअसल आरटीओ में 18 करोड़ की लागत से बने स्टेट कंट्रोल कमांड सेंटर का दिसंबर 2022 में ट्रॉयल किया गया था। इस कंट्रोल कमांड सेंटर से यात्री वाहनों की निगरानी की जाने की योजना बनाई गई, लेकिन कमांड सेंटर बनने के समय भी यह पुलिस कंट्रोल रूम से कनेक्ट नहीं था। ट्रॉयल को तीन साल हो चुके हैं, ये अभी भी पुलिस कंट्रोल रूम से जुड़ नहीं पाया है। बस ऑपरेटर एसोसिएशन के सुरेंद्र तनवानी बताते हैं कि सेंटर के पुलिस कंट्रोल रूम से कनेक्ट नहीं होने के चलते एक लाख 30 हजार वाहनों में लगे पैनिक बटन शो-पीस बनकर रह गए हैं। कहीं पैनिक बटन दब भी जाए तो पुलिस नहीं आती, बल्कि कमांड सेंटर से रजिस्टर्ड वाहन मालिक के पास कॉल आता है। अधिकारी पिछले तीन साल से कमांड सेंटर के जल्द शुरू हो जाने का दावा कर रहे हैं। इस मामले में ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विवेक शर्मा का कहना है कि जल्द ही कमांड सेंटर को पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बता दें कि परिवहन विभाग को कमांड सेंटर स्थापित करने के लिए केंद्र ने निर्भया फंड से पैसा दिया है।

### रीचार्ज के लिए दोगुनी राशि की वसूली

मप्र में वीएलटीडी और इमरजेंसी पैनिक बटन के रिचार्ज के नाम पर प्राइवेट कंपनी करोड़ों रुपए की अवैध वसूली कर रही है। बस मालिक इसकी शिकायत कई बार परिवहन विभाग के अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। दरअसल मप्र में साल 2022 से सार्वजनिक परिवहन के वाहन, मालवाहक गाडियां, टैक्सी, स्कूल बस में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस और पैनिक बटन लगाना जरूरी किया गया है। इसे न लगाने पर गाडियों को फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है। लिहाजा 1 लाख 30 हजार वाहन मालिकों ने वीएलटीडी और पैनिक बटन लगाए हैं। इन्हें हर साल रिचार्ज करना पड़ता है जिसमे वाहन मालिक सेवा प्रदाता कंपनियों पर अवैध वसूली के आरोप भी लगा रहे हैं। बस मालिकों का आरोप है कि कंपनियां उनसे हर साल रिचार्ज के नाम पर 2 हजार की बजाय साढे 4 हजार रुपए वसूल रही है। इस तरह हर साल गाड़ी मालिकों से करीब 32 करोड़ रुपए ज्यादा वसूले गए हैं। गाड़ी मालिक खुद डिवाइस को रिचार्ज कर सके, ऐसी कोई सुविधा परिवहन विभाग ने नहीं दी है। पैनिक बटन भी केवल दिखावे के लिए है। पैनिक बटन और वीएलटीडी लगाने का काम परिवहन विभाग ने प्राइवेट कंपनियों को दिया है। इसे लेकर कई जिलों के बस ऑपरेटरों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई। हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग को वीएलटीडी की कीमत तय करने के निर्देश दिए थे। लेकिन कोई हल नहीं निकला।

## – ग्यारह साल में नहीं हुई अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा

# सरकारी विभागों में लेखाधिकारियों का टोटा

इंदौर । मप्र में प्रशासनिक व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी समझे जाने वाले लेखाधिकारियों का टोटा है। आलम यह है कि लेखाधिकारियों की कमी का असर विभागों पर भी पड़ रहा है। लेकिन विडंबना यह है कि सरकार ने 11 साल में अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा का आयोजन ही नहीं किया है। इससे सरकारी विभागों का काम प्रभावित हो रहा है।गौरतलब है कि लिपिक बल से सरकार का दस्तावेजी प्रशासनिक ढांचा मजबूत होता है। लेकिन विडंबना यह है कि ग्यारह साल हो गये हैं, इस पोस्ट को भरने के लिए विभाग ने अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा नहीं कराई है। एक प्रकार से यह पद अघोषित रूप से समाप्त कर दिया गया है। इससे विभागों में लेखाधिकारियों की कमी बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि शासन के नियम अंतर्गत विभागों में जितने भी फाइनेंशियल मामले होते हैं उनकी निगरानी करने का काम लेखाधिकारी का होता है। जितनी भी लेन और देनदारियां होती हैं उनसे संबंधित देयकों पर लेखाधिकारी की टीप लगने के बाद ही इसको हरी झंडी मिलती है। बाबुओं द्वारा जो बिल तैयार किए गए, उनका परीक्षण, यदि इसमें कोई खामी है तो उसको ठीक कर अग्रेषित करने का काम लेखाधिकारी का होता है।

हर तीन साल में होगी थी परीक्षा

अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा परीक्षा हर तीन साल में वित्त विभाग के अधीन कोष एवं लेखा विभाग आयोजित करता रहा है। इस परीक्षा में एकाउंट ट्रेनिंग पास एवं कम्प्युटर में दक्षता हासिल करने वाले लिपिक ही बैठने के लिए पात्र रहते हैं। बाबुओं की तीनों श्रेणियों में दक्ष लोग परीक्षा पास कर लेखाधिकारी बनते रहे हैं। वर्ष 2013 से कोई परीक्षा नहीं हुई जिससे हर विभाग में पद रिक्त पड़े हुए हैं। इससे विभागीय काम की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। जल संसाधन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य कल्याण जैसे विभाग ट्रेजरी को पत्र भी लिख चुके हैं, लेकिन आज तक यह परीक्षा आयोजित नहीं कराई गई है। जल संसाधन के रिटायर्ड अधीक्षक एमपी द्विवेदी का कहना है कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं को संभालने के लिए इस पद पर परीक्षा जरूरी है। एक सोची समझी रणनीति के तहत इस परीक्षा को बंद किया गया है। एक प्रकार से यह पद ही अघोषित रूप से समाप्त कर दिया गया।

हर जिले में यह पद रिक्त

विभागों में लेखापाल की परीक्षा नहीं होने के कारण वरिष्ठ पदों की संरचना रिक्त पड़ी है। यही लेखाधिकारी वरिष्ठता के आधार पर सहायक कोषालय अधिकारी बनते रहे हैं। इन्हीं को प्रमोशन देकर कोषालय अधिकारी बनाया जाता रहा है। चूंकि अनेक विभागों की अपनी-अपनी पद संरचनाएं होती हैं, इसलिए इनमें से कनिष्ठ और वरिष्ठ लेखापरीक्षक के पद पर पहुंचाया जाता रहा है। हर जिले में यह पद रिक्त हैं। प्रभार पर संपूर्ण प्रदेश में इन पदों से व्यवस्थाओं को संभाला जा रहा है। विभागों में लेखापाल परीक्षा के लिये योग्य होने के बाद भी लिपिक बिना लाभ लिए रिटायर्ड हो रहे हैं। लिपिकों का कहना है कि अगर इस पद पर परीक्षा कराई जाती तो निश्चित तौर पर अपनी योग्यता के आधार पर आगे के पद पर आसानी से बैठ सकते थे, लेकिन इस पर वित्त विभाग का कोई ध्यान नहीं है। जबकि कोरोना के पहले पूर्व सरकार के वित्तमंत्री ने बोला भी था कि यह परीक्षा शीघ्र आयोजित होगी। अभी तक किसी विभाग में यह एग्जाम शुरू नहीं हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी संजय दुबे का कहना है कि अनेक विभाग निरंतर फायनेंस डिपार्टमेंट को पत्र लिखते रहे है, लेकिन इस विषय में काई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि विभागों में इस पद को भरने की सख्त जरूरत है। हम भी निरंतर मांग उठा रहे हैं।

# इंदौर समाज को समर्पित राष्ट्रीय पल्लीवाल पुरस्कार



इंदौर। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन राष्ट्रीय महासभा की ओर से इंदौर समाज को श्रेष्ठ सामाजिक कार्यों के लिए नेशनल तृतीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। अलवर राष्ट्रीय महासभा अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष तपेश चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री महेश जैन, संयोजक सतीश जैन दिल्ली, वरिष्ठ समाजसेवियों ने नेशनल अवार्ड इंदौर समाज को प्रदान किया।

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन राष्ट्रीय महासभा की ओर से इंदौर समाज को श्रेष्ठ सामाजिक कार्यों के लिए नेशनल तृतीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। मूलतः एज्यूकेशन प्रोत्साहन, दृष्टिहीन बच्चों के प्रति सद्भावना, भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को मंच से समय-समय पर उठाना, समाज गौरव सम्मान और वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए तथा राष्ट्रीय स्तर पर जैन गौरव पं. प्रवर दौलतराम मेमोरियल राष्ट्रीय अवार्ड को सुनियोजित तरीके से प्रारंभ करने के लिए ये नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड प्राप्त करने के लिए इंदौर पल्लीवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री राजीव रतन जैन एवं इंदौर शाखा मंत्री इंद्रकुमार जैन अलवर राष्ट्रीय महासभा अधिवेशन में पहुंचे। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष तपेश चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री महेश जैन, संयोजक सतीश जैन दिल्ली, वरिष्ठ समाजसेवियों ने नेशनल अवार्ड इंदौर को प्रदान किया।

## स्वच्छता अभियान- आठ दिनों तक निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की, नपा का थ्री स्टार रैकिंग का दावा

# पोर्टल पर लॉक हुई स्वच्छता की तस्वीर, दिल्ली की टीम ने किया गोपनीय सर्वे

### फैक्ट फाइल 01 लाख आबादी 31 वार्ड 26 कचरा गाड़ी 350 सफाईकर्मी

पीथमपुर। शहर को सफाई में अव्वल बनाने के लिए नपा द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत नपा द्वारा थ्री स्टार रैंकिंग और ओडीएफ प्लस-प्लस का दावा किया था, जिसे परखने और भौतिक सत्यापन के लिए दिल्ली से टीम पहुंची। पांच सदस्य टीम ने शहर में गोपनीय ढंग से अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर सर्वे किया। वार्डों में पहुंचने पर टीम ने साफ-सफाई, पब्लिक टॉयलेट, ट्रेंचिंग ग्राउंड आदि पहुंचकर मोबाइल से फोटो खींचे और उन्हें ऐप पर अपलोड करने के साथ कॉपी में नोट किए। शहर का भ्रमण करने के बाद टीम शनिवार शाम वापस लौट गई। नपा को उम्मीद है कि इस बार थ्री स्टार रैंकिंग में सुधार के साथ अच्छे नंबर प्राप्त होंगे। इसको लेकर पिछले एक महीने से तैयारियां भी चल रही थीं। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत यह सर्वे हुआ है, जिसमें प्रथम चरण का सर्वे फरवरी में हुआ था। इसके बाद दूसरा और तीसरा सर्वे था। नपा द्वारा एक महीने में सड़कों के किनारे रंगरोगन, वॉल पेटिंग सहित लाइटिंग आदि कार्य किए गए।सभी 31 वार्डों में पहुंची टीम – जानकारी के अनुसार पांच सदस्य टीम 3 अप्रेल को धार पहुंची थी। इसके बाद टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों का दौरा किया। इसमें 3150 घरेलू शौचालय, 150 सड़क व 5 आदर्श शौचालय को चेक किया। साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा निष्पादन प्लांट को देखा। टीम ने कुछ जगह पर सुधार के निर्देश भी दिए। वार्डों में पहुंचने पर टीम ने लोगों से सवाल भी किए, जिसमें नियमित सफाई और कचरा उठाने के लिए गाड़ी चलने संबंध में जानकारी ली।12500 अंकों के हिसाब से मिलेगी रैंकिंगस्वच्छता सर्वेक्षण कुल तीन चरणों में हुआ। पहला चरण 5 से 11 मार्च तक चला था। इसमें सर्वेक्षण की मुख्य टीम ने 10 हजार अंकों के लिए सर्वे किया था। वहीं दूसरे व तीसरे चरण में 1250 के ओडीएफ प्लस प्लस व 1250 के स्टार रेटिंग के लिए दोनों टीम एक साथ धार पहुंची। इसमें ओडीएफ प्लस में दो सदस्यों ने सर्वे किया तो वहीं तीन सदस्यों ने स्टार रेटिंग के लिए सर्वे किया। 12 हजार 500 अंकों के हिसाब से इस बार शहरों की रैंकिंग तय होगी।

2021 में मिला था पहला स्थान - आठ सालों से स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है, जिसमें धार नगर पालिका एक लाख की आबादी वाले श्रेणी में आती है। 2019 में छठा और 2020 में आठवां स्थान मिला था। 2021 में प्रदेश पहला स्थान प्राप्त किया था। इसी साल कचरा मुक्त श्रेणी में शामिल। थ्री स्टार रेकिंग का दावा।

## – वन विकास निगम को मिली बाइस करोड़ के जीएसटी शुल्क से राहत

# अपील आयुक्त ने इमारती लकड़ी को माना कृषि उपज

इंदौर । वन विकास निगम को एक बड़ी राहत मिली है। निगम को अब जीएसटी शुल्क के 22 करोड़ रुपए नहीं चुकाने होंगे। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क के अपील आयुक्त भोपाल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में माना है कि इस तरह का वन उपज जीएसटी कानून के तहत कृषि उपज की श्रेणी में आती है। अपील आयुक्त ने कहा कि वन विभाग निगम अब जीएसटी से मुक्त है। चूंकि यह मामला इमारती लकड़ी की बिक्री से जुड़ा है, इसलिए यह कृषि उपज है। निगम के एमडी बीएन अंबाडे ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क के अपील आयुक्त के समक्ष एक याचिका दायर कर जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए 22 करोड़ से अधिक के कर, ब्याज और शास्ति की मांग को निरस्त किए जाने का आग्रह किया था।निगम ने अपने तर्क में कहा कि मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयूएस) को डिपॉजिट वर्क श्रेणी के अंतर्गत वृक्षारोपण जैसे कार्यों के लिए प्रदान की जाने वाली सेवाएं जीएसटी से मुत हैं। यह सेवाएं ऐसी इमारती लकड़ी और अन्य वन उपज से संबंधित हैं, जो वन भूमि में पेड़ों की कटाई से प्राप्त होती हैं और अंततः रेशा, ईंधन, कच्चा माल तथा इसी प्रकार के उपयोगों के लिए प्रयुत होती हैं। अपील आयुत ने माना कि ऐसी वन उपज जीएसटी कानून के तहत कृषि उपज की श्रेणी में आती है।या था मामलाइस आदेश के माध्यम से जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए 22 करोड़ से अधिक के कर, ब्याज और शास्ति की मांग को निरस्त कर दिया गया है। यह निर्णय निगम के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि 24 करोड़ से अधिक की समान प्रकृति के अन्य विवादित मामले विभिन्न प्राधिकरणों के समक्ष लंबित हैं। यह निर्णय एक सकारात्मक मिसाल स्थापित करता है, विशेषकर ऐसे परिदृश्य में जब कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के अग्रिम निर्णय प्राधिकरणों (एएआर) ने एक संकीर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वन उत्पादों को कृषि उपज मानने से इनकार किया था।ढुलाई खर्च भी जीएसटी से मुक्तनिगम द्वारा इमारती लकड़ी को वन डिपो तक परिवहन करने पर किए गए ढुलाई खर्च को भी रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत जीएसटी से मुत माना गया है, क्योंकि यह कृषि उपज के परिवहन से संबंधित सेवा है। अपील आयुक्त ने निगम द्वारा सपहत नीलामी में प्राप्त बयाने की राशि (ईएमडी) पर लगाए गए जीएसटी की मांग को भी निरस्त कर दिया। आयुक्त ने कहा कि यह अनुबंध के उल्लंघन पर देय क्षतिपूर्ति है, न कि किसी कार्य या स्थिति को सहन करने के बदले में प्राप्त प्रतिफल है। इसलिए यह कर योग्य नहीं है।



## 16 राज्यों के अधिवक्ताओं एवं कानून के विद्यार्थियों ने संस्था न्यायाश्रय के बैनर तले मनाई डॉ.अंबेडकर जयंती)

# डॉ. आंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे



इंदौर। संविधान सभा की महत्वपूर्ण कमेटी प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर देश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने के पक्षधर रहे थे, संविधान निर्मात्री सभा द्वारा 2 साल 11 महीने 18 दिनों में हुई संवैधानिक बहस के अंश पढ़ने पर यह सामने आता है कि संविधान सभा के अन्य कुछ प्रतिनिधियों व मुस्लिम सदस्यों के विरोध की वजह से समान नागरिक संहिता देश में लागू नहीं हो भाई किंतु डॉ.अंबेडकर यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू किए जाने के पक्ष में रहे थे। यह कहना है सामाजिक और कानून के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था न्यायाश्रय के अध्यक्ष एडवोकेट एवं विशेषज्ञ डॉ .पंकज वाधवानी का जो सामाजिक संस्था न्यायाश्रय द्वारा डॉ.अंबेडकर की 143 वी जयंती पर आयोजित संगोष्ठी पर बोल रहे थे।

संस्था न्यायाश्रय द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर 143वी जयंती पर उन्हें याद करते हुए कानून के विद्यार्थियों के लिए उनके योगदान एवं जीवन चरित्र पर जानकारी का आदान-प्रदान एवं ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट डॉ पंकज वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश का सर्वोच्च कानून भारत का संविधान है और उस संविधान के शिल्पकार डॉ. अंबेडकर का जीवन प्रत्येक कानून के क्षेत्र में कार्य करने वाले विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, न्यायविदों के लिए प्रेरक है, इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाता रहा है ।

# दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया



फिनिक्स टाउन केलोद हाला इंदौर स्तिथ शिव वाटिका मंदिर प्रांगण मे हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया शिव वाटिका मंदिर समिति अध्यक्ष देवेंद्र जोशी आयोजन समिति से विवेक मिश्रा तरुण ठाकुर मनीष वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की प्रातः बाबा का अभिषेक पूजन किया गया ततपश्चात बाबा को चोला चढ़ाया गया मंदिर को फूलो से सजाया गया शाम को बाबा की महा आरती एवं छप्पन प्रकार के भोग बाबा को लगाए गये उसके पश्चात बाबा के भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे 8 प्रकार के भोग बाबा को लगाकर श्रद्धांलुओं को परोसा गया जिसमे कॉलोनी के समस्त रहवासी गण एवं आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित थे

संघ तहसील शाखा बदनावर का वार्षिक सम्मेलन

# शा. नंदराम चोपड़ा उमावि बदनावर पर संपन्न हुआ

बदनावर ( इंदौरसमाचार )प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील शाखा बदनावर का वार्षिक सम्मेलन शासकीय नंदराम चोपड़ा उचितर माध्यमिक विद्यालय बदनावर पर संपन्न हुआ !कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बदनावर श्री दीपक चौहान विशेष अतिथि श्री कांता प्रसाद निगम प्रांतीय सरक्षक श्री ए.आर खान संभागीय महामंत्री जिला अध्यक्ष श्री प्रमोद टोंगिया, जितेंद्र सिंह गौड़ सहा. प्रबंधक स्व्ह्र बदनावर श्री रियाजुद्दीन शेख प्राचार्य सीएम राईज स्कूल बदनावर थे !





कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रजलित किया गया सरस्वती वंदना श्रीमती शोभा सक्सेना द्वारा किया गया,,श्री महेंद्र सिंह चंद्रावत अध्यक्ष पेंशनर संघ बदनावर द्वारा अतिथि परिचय करवाया तथा श्री वीरेंद्र कुमार रावल वरिष्ठ सदस्य द्वारा स्वागत भाषण दिया, कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार सारण द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया अतिथि गण द्वारा 80 वर्ष की आयु के पेंशनर्स तथा पूर्व अध्यक्ष एवं सबसे अधिक उम्र दराज पेंशनर्स श्री सदाशिव शर्मा ढोलना, रतन सिंह सोलंकी पूर्व अध्यक्ष, मनोहर धोड़पकर, बालूसिंह पँवार पूर्व अध्यक्ष, गोवर्धन लाल त्रिवेदी, जगदीशचंद्र शर्मा, रामचंद्र डोड को मोतियों की माला पहनाकर तथा शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया, इसके अतिरिक्त दोनों नए सदस्य ज्ञानमल जैन एवं गोवर्धन लाल राठौर द्वारा संघ की सदस्यता लिए जाने पर उनका भी स्वागत किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित प्रेस क्लब के पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र अग्निहोत्री, दिलीपसिंह चौहान, राकेश चौहान, नवीन चौहान, तथा प्रदीप पँवार का भी अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया गया, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ के जिला एवं अन्य तहसीलों से पधारे श्री मोहनसिंह परिहार कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंतर सिंह यादव, प्रदीप देवासकर, श्रवण सिंह नायक, शैलेंद्र तिवारी, शंकरसिंह मालवीय, जगदीश शर्मा, देवी सिंह वर्द्धमान अध्यक्ष धरमपुरी, ओंकार लाल दुबेला अध्यक्ष सरदारपुर, चंद्रसेन यादव आदि का स्वागत अध्यक्ष चंद्रावत द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि श्री दीपक चौहान एसडीएम बदनावर द्वारा अपने उद्बोधन मैं कहा कि आज मैं पहली बार इस प्रकार के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं, मुझे काफी प्रसन्नता महसूस हो रही है आप सभी विभाग के अनुभवी सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी हो जितनी आप लोगों ने सेवा की उतनी मेरी आज उम्र भी नहीं है अभी अध्यक्ष जी द्वारा भूमि के संबंध में जिक्र किया मैं आपकी इस मांग पर कलेक्टर साहब से चर्चा करूंगा मुझे संघ की तरफ से जितनी जल्दी भूमि आवंटन की कार्यवाही करेंगे उससे दोगुना ज्यादा मैं करूंगा हो सकेगा तो मैं कलेक्टर साहब से चर्चा कर पेंशनर संघ की बैठक आदि के लिए कोई शासकीय भवन ही आवंटित करवाने का प्रयास करूंगा, मैं हमेशा आपके साथ हूं प्रांतीय संरक्षक श्री के.के. निगम द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि शासन का रुख पेंशनर्स के लिए ठीक नहीं है वह निवेदन पर मानने वाली नहीं है अपनी मांगों के लिए आंदोलन करना होगा इसके लिए सभी तैयार रहे माह जून में एक बड़ा आंदोलन होना संभावित है, संभागीय महामंत्री श्री खान द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमें संगठित होकर रहना होगा वरना यह सरकार आपको कुछ देने वाली नहीं है हमेशा धारा 49(6) के बहाने बनाकर पेंशनर्स के साथ अन्याय कर रही है, अब मधुमक्खी के जैसा रहना होगा क्योंकि हमें छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं जिला अध्यक्ष द्वारा बताया की धार जिले के प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ का बहुत अच्छा कार्य चल रहा मध्य प्रदेश शासन धारा 49(6) का सहारा ले रही है और हमें हमेशा 8-10 माह बाद डी.ए. देने की घोषणा करती है और पेंशनर्स की उक्त अवधि का डी.ए. हजम कर जाती है, धारा 49(6) हटाने के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार कहती है कि इसे हटाने के लिए हमने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजें कई वर्षो से संगठन इसके लिए प्रयत्नशील है, शासन द्वारा बुजुर्ग पेंशनरों के विरुद्ध एक और निर्णय लिया जिसमें जिला संभाग में स्थित पेंशन कार्यालय भोपाल स्थापित किया जा रहा हैं, श्री जितेंद्र सिंह गौड़ द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि पेंशनर्स की हर समस्या के लिए हम तत्पर रहते हैं किसी भी प्रकार की समस्या ज्ञात होने पर उसका शीघ्र निराकरण करते है इसके अतिरिक्त पेंशनर्स को बैंक से लिए जाने वाले फायदे के संबंध मे भी प्रकाश डाले, प्राचार्य श्री रियाजुद्दीन कुरैशी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यह स्कूल पेंशनर्स के हर कार्यक्रम हेतु खुला है, किसी भी प्रकार के आयोजन में हम पूर्ण सहयोगी रहेंगे मुझे कार्यक्रम में आमंत्रित किया इसके लिए संघ का आभार व्यक्त करता हूं, कार्यक्रम में लगभग 160 से अधिक पेंशनर्स उपस्थित थे इस कार्यक्रम को सफलतम रूप दिलवाने में अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह चंद्रावत, जिला उपाध्यक्ष हुकमसिंह सोलंकी, अशोककुमार सारण, रामचंद्र वर्मा, लोकेंद्रकुमार जोशी, ईश्वरलाल जोशी, सत्यनारायण गोयल, नरसिंह सोलंकी,रमेशचंद्र हारोड, हेमराज पँवार, मनोहर मेहरूनकर, अशोक कुमार उपाध्याय, शैलेंद्र कुमार जोशी, वीरेंद्र कुमार रावल, आदि का सराहनीय योगदान रहा,

कार्यक्रम का संचालन सुश्री शीला शराफ ने किया तथा आभार श्री शांताराम पाटीदार द्वारा माना गया,

उक्त जानकारी संघ सचिव हुकुमसिंह सोलंकी द्वारा दी गई

# बाग के राजकुमार मालवी बने सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली चौरासी पंच संघ के अध्यक्ष

बाग - इंदौर सिमरोल में सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज के चौरासी पंच समाज संघ की बैठक आयोजित कि गई जिसमे सैकड़ो समाजजनो ने भाग लिया बैठक में नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन हुए। जिसमे चार समाज के लोगो ने उम्मीदवार बने समाज के लोगो ने सर्व सहमती से बनाने कि कोशिशे कि जिसमे एक उम्मीदवार ने पक्ष मे सहमत हुवे लेकिन तीन उम्मीदवार वोटिंग कराने के पक्ष मे डटे रहे व तीन लोगो मे ही वोटिंग हुवा जिसमे एक को तीन वोट और दो लोगो को पांच पांच वोट मिले इस दौरान परिणाम किसी के भी पक्ष मे ना होने के कारण सभी समाजजनो मे निराशा का माहोल बना जिसके चलते आयोजक कर्ता ने बताया कि आज ही अध्यक्ष प्रक्रिया सम्पन होना चाहिए पुनः निर्वाचन कि प्रक्रिया चालू की गई जिसमे सभी समाजजनो व 13 गाँवो के समाज के अध्यक्ष ने सर्व सहमति से श्री राजकुमार मालवी को अध्यक्ष निर्वाचित किया साथ ही सभी समाजजनो ने श्री राजकुमार मालवी जी को समाज के हित मे किये गये कार्य की सरहाना करते हुए बधाई दी और आगे भी समाज के लिये हमेशा खड़े रहने व हर काम को साथ मिल कर करने मे अपना योगदान दिया है व जरुरत के वक़्त हमेशा अपना मार्गदर्शक देते रहे है श्री सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज मालवा प्रांत के 84 पंच ( 13 पंचायत ) के संरक्षक मार्गदर्शक श्री राधेश्याम मोदी, नंदकिशोर कुमरावत, व सर्व सहमति से निर्वाचित प्रक्रिया का शुभारम्भ कर इन लोगो ने चुना जवाहरलाल कुमरावत इंदौर, अंबाराम कांकरीवाल देवास, जानकीलाल मोदी नागदा, चिंतामणि जी पटेल बालगढ़, लक्ष्मीनारायण जी मोदी कम्पेल, अजय जी कांकरीवाल हाटपीपल्या, , विष्णु भारती कन्नौद, महेश जी व चुन्नीलाल जी कुमरावत बेटमा, प्रहलाद जी कुमरावत सिमरोल, , दयाराम जी कुमरावत मानपुर, हिमांशु पटेल अमझेरा, शांतिलाल जी कुमरावत दिलावरा, राधेश्याम जी कुमरावत हासलपुर, मोजूद रहे इस दौरान नवनियुक्त समाज के अध्यक्ष राजकुमार मालवी ने सभी समाज के वरिष्ठों का आभार मानते हुए कहा की समाज के लिए सदेव तैयार था हमेशा तैयार रहुगा आज मुझे जो दाईत्व दिया गया उस दाईत्व को बड़ी जिम्मेदारी से वरिष्ठों को साथ लेकर निर्वाहन करुंगा क्यों की समाज सर्वपरि होता है समाज से ही व्यक्ति की पहचान होती है इसलिए हमेशा समाज के प्रति तत्पर रहना चाहिए ।





## डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हर्षोल्लाह से मनाई

बाकानेर। डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती ग्राम रनगांव के सैनिक अरविंद निगवाल के मुख्य अतिथि में मनाई अरविंद निगवाल जम्मू कश्मीर में शासकीय सैनिक के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं कार्यक्रम में प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय सदस्य सैयद रिजवान अली वरिष्ठ कांग्रेस नेता विधायक प्रतिनिधि टीकम डावर,वरिष्ठ भाजपा नेता ओम ठाकुर बाकानेर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद तंवर जनपद प्रतिनिधि ललित चौहान,अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोकुल ,सरपंच भूवादा जूवान सिंह बघेल, सरपंच रंनगांव,राकेश सोलंकी, श्री सिसोदिया , रमेश निगवाल ,सुरेश बेनल मनोज बेनल, भारत चौहान पूर्व सरपंच कैलाश , दिलीप पटेल पंकज डावर मन्नालाल डावर, महेश चौहान इकबाल मुंडा ,निलेश कनेल,कान्हा ठाकुर ,धुर्वे दरबार, विष्णु राठौर,प्रदीप भालके , पुलिस चौकी सहायक निरीक्षक गोरेलाल शुक्ला मौजूद रहे, सभी ने डॉ भीमराव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचाया की ओर से स्वल्पाहार और मिठाई खिलाई,संचालन रोजगार सहायक जितेंद्र ग्वाले ने किया, आभार सरपंच राकेश सोलंकी ने माना।



## पेंशनरों ने अम्बेडकर जयंति मनाई

धार,त्रिमूर्ति चौराहे पर अवस्थित मान.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जयंति मनाई,साथ ही सामूहिक शपथ ली की हम इनके व्दारा बनाए संविधान का पालन करेगें,प्रजातंत्र का देश का गौरव बढ़ाएगें,अमर आपका नाम रहे,जबतक चांद सूरज रहे,का जय घोष किया,अंतर सिह यादव प्रमोद टोंग्या अध्यक्ष पेंशनर संध,नंदकिशोर उपाध्याय,के.कके.वर्मा,शैलेंद्र तिवारी,आदीउपस्थीत थे,सबका मीठा मुंह कराकर माल्यार्पण कर जयंती मनाई।जानकारी नंदकिशोर उपाध्याय नै दी।

# अंबेडकर जी की 134 जन्म जयंती को बड़े उत्साह व धूमधाम के साथ मनाई गई



मनावर से बसन्त जख्मी, अंबेडकर जन्मोत्सव समिति मनावर द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 जन्म जयंती को बड़े उत्साह व धूमधाम के साथ मनाई गई जिसमें कई आकर्षक झांकियां एवं बैंड ढोल ताशे आदिवासी मादल रथ पर बाबा साहेब का चित्र रखा गया। बलाई समाज एवं मनावर के गण मान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए। जो मनावर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गांधी चौराहा 1द्वश्च चौपाटी से होते हुए विक्रम सामुदायिक भवन मेला मैदान मनावर में बौद्धिक व्याख्यान का कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने वक्तव्य दिए एवं बाबा साहब के जीवन संघर्ष एवं संविधान के कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला उक्त कार्यक्रम में मनोज जिमी सावनेर अध्यक्ष बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति दिनेश रावल, बबलू वर्मा,रवि सावनेर, योगेश वर्मा, राजेश सावनेर, गणेश शिंदे, कुंदन उजाले, राकेश गोयल, मुकेश बागेश्वर,योगेश उजले, एवं सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर किया गया व्याख्यान माला का आयोजन किया

डही। संविधान निर्माता और सामाजिक क्रांति के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जन अभियान परिषद, कुक्षी एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित %सक्षम% कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान माला का आयोजन जनपद सभागार में किया गया। यह आयोजन समाज को समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों की ओर प्रेरित करने वाला रहा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष श्री अशोक बघेल ने की, वहीं मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में नर्मदा समग्र अभियान के मार्गदर्शक श्री राजेंद्र ससत्या एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोज पुरोहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं बाबा साहब अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया । श्री फल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता श्री राजेंद्र ससत्या ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा, ÷डॉ. अंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार हैं, जो समाज को अंधकार से उजाले की ओर ले जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, समता और न्याय को समाज के लिए आधार स्तंभ बनाया। आज हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम उनके विचारों को धरातल पर उतारें और एक समरस समाज का निर्माण करें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री मनीष शर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन कर बाबा साहब के जीवन संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान निर्माण कर समाज को नई दिशा दी और समता, स्वतंत्रता व बंधुत्व के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने समाज को संविधान के माध्यम से न्याय, स्वतंत्रता और समान अवसर प्रदान किए।इस दौरान जन जातिय करी विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम की विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक संध्या राजपुरोहित ने 'सक्षम' कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि यह पहल समाज को भेदभाव रहित बनाने और सामाजिक चेतना जगाने का प्रयास है। उन्होंने कहा, ÷सबसे बड़ी जाति मानव जाति है और सबसे बड़ा धर्म मानवता। जब हर व्यक्ति यह समझेगा, तभी हम एक न्यायसंगत और जागरूक समाज की कल्पना साकार कर सकेंगे। अंत में सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोज पुरोहित ने सभी उपस्थितजनों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, तालाब-कुएं-बावड़ी की स्वच्छता एवं वर्षा जल संचयन की शपथ दिलाई। उन्होंने जल को जीवन का मूल बताते हुए जल बचाने की शपथ दिलाई ।

इस सफल आयोजन में सक्षम कार्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त युवा नेतृत्वकर्ताओं ङ्क योगेश चौयल, नरेन्द्र सिरवी, प्रेरणा एवं मास्टर ट्रेनर मांगीलाल शिंदे का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## कांग्रेस ने मनाई डॉक्टर अंबेडकर जी की जन्म जयंती



**रतलाम।** वंचित/शोषित/पीड़ित समाज के उद्धारक, भारत रत्न, संविधान निर्माता, सर्वहारा वर्ग के हित चिंतक डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती रतलाम शहर कांग्रेस द्वारा हर्ष उल्लास के साथ कोर्ट चौराहे स्थित डॉ अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई! इस अवसर पर बाबा साहब अमर रहे के जोरदार नारे लगाए गए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा कि बाबासाहेब के आदर्श/उद्देश्य की स्थापना ही हमारा एकमात्र संकल्प है। ताकि, उनके सपनों का भारत बनाया जा सके। लोकतंत्र और संविधान बचाया जा सके। इस अवसर पर सबको संविधान रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पारस सकलेचा श्रीमती यास्मीन शैरानी, कमरूदीन कछवाय, राजीव रावत, बसंत पंड्या वीरेंद्र प्रताप सिंह, सोहेल काजी, श्रीमती आशा रावत, नासिर कुरेशी, कविता महावर, राजनाथ यादव, राजेश प्रजापत, जगदीश अकोदिया, विशाल कंडारे, सोनू व्यास, श्यामसुंदर शर्मा, इक्का बेलूत इकरार चौधरी, रश्मि सिंह, साजिद कप्तान, हिना शेख, राधा प्रजापत, आरिफा कछवाय, ताज मंसूरी, हरविंदर सिंह, डॉक्टर मुस्तफा, राजकुमार जैन लाला, विजय पंड्या लाला, शाकिर खान, पियूष बाफना, एडवोकेट गोसर, सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महापौर प्रहलाद पटेल व जनप्रतिनिधियों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रतलाम।** 14 अप्रैल भारत रत्न डॉ. भीमराव जी अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठरी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, मनोहर पोरवाल, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा तथा जनप्रतिनिधियों ने छत्रीपुल स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, आदित्य डागा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, अक्षय संघवी, श्रीमती अनिता कटारा, मनोहरलाल राजू सोनी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, करण कैथवास, श्रीमती धीरजकुवर राठौर, श्रीमती आयुषी सांकला, श्रीमती शबाना, श्रीमती हीना मेहता, श्रीमती मनीषा चौहान, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, पूर्व पार्षद सुदीप पटेल, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, राजेन्द्र चौहान, राजेश माहेश्वरी, शेरू पठान, विजयसिंह चौहान, किशोरसिंह राठौर के अलावा नन्दकिशोर पवांर, दिनेश पटेल, योगेश कैथवास आदि ने भी डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया।

## मालव केसरी श्री सोभाग्यमल जी म.सा. की 115वी दीक्षा जयन्ती 16 अप्रैल को मनेगी



**रतलाम।** युग प्रधान,शासन प्रभावक,श्रमण संघ के मूर्धन्य सूत्रधार,महाराष्ट्र विभूषण,भक्त वत्सल पूज्य गुरुदेव मालव केसरी 1008 श्री सोभाग्यमल जी म.सा. की 115वी दीक्षा जयन्ती 16 अप्रैल 2025 बुधवार को तप -त्याग के साथ मनेगी। इस अवसर पर सागोद रोड स्थित श्री सौभाग्य तीर्थ में मालव भूषण प.रत्न श्री महेंद्र मुनि जी म.सा. एवं मधुर व्याख्यानी उप प्रवर्तक श्री प्रमोद मुनि जी म.सा. के पावन सानिध्य में सुबह जाप और श्री सौभाग्य चालीसा का पाठ होगा। इसके बाद गुणानुवाद सभा होगी। मालव केसरी 1008 श्री सोभाग्यमल जी म.सा. की 115वी दीक्षा जयन्ती पर रतलाम के अलावा प्रदेश और देश के विभिन्न स्थानों के गुरू भक्त श्री सौभाग्य तीर्थ पहुंचकर मालव केसरी गुरूदेव के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति का परिचय देंगे। श्री सौभाग्य तीर्थ अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी, संचिव हर्षेन्दु भरगट, पूर्वाध्यक्ष प्रकाश मूणत, सुरेन्द्र गादिया, आजाद मेहता,धर्मदास जैन मित्र मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष रंगलाल चौरडिया, मंत्री मितेष गादिया, सौभाग्य जैन नवयुवक मंडल अध्यक्ष मनीष मण्डलेचा, मंत्री महेन्द्र गंग, श्री सौभाग्य जैन महिला मंडल अध्यक्ष कांताबेन चौरडिया, मंत्री कुसुम पितलिया, श्री सौभाग्य अणु बहुमंडल की अध्यक्ष मोना बोरदिया, मंत्री सीमा मूणत, श्री सौभाग्य प्रकाश मंडल के अध्यक्ष हर्ष मूणत, मंत्री केतन गांधी, बालक-बालिका मंडल तथा कार्यक्रम संयोजक रखब चत्तर संदीप चौरडिया, निलेश मेहता, राजेश बोरदिया ने गुरू भक्तों से इस अवसर पर अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान् किया है।





# सनातन धर्म सभा को व्यापक और अधिकार सम्पन्न बनाया जाएगा

### त्रिवेणी तट को जनसहयोग से शहर के एक धार्मिक पर्यटन दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित और स्थापित किया जाए

**रतलाम।**

विगत जनवरी माह में संपन्न हुए 71 में महारूद्र यज्ञ में धार्मिक अनुष्ठान मे अपना समर्पित सहयोग प्रदान करने वाले आचार्य भूदेवों व आर्शिवाद दाता संत महात्माओं के प्रति आभार एवं सम्मान प्रकट करने के लिए आज श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति की एक सम्मेलन स्वरूप बैठक आयोजित हुई।

यज्ञ के यज्ञमानगण एवं कार्यक्रम की सफलता मे सहयोग देने वाले विभिन्न कार्यकर्ताओं एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति उपस्थित सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिल झालानी ने सभा की विगत गतिविधियों तथा आगामी नवीन योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। आपने बताया की सनातन धर्म सभा से शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों को जोडने़ की जो पहल की उसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया में बड़ी संख्या में यज्ञायोजन की आरती में उपस्थिति से प्रदर्शित की। जिससे हमें और अधिक कार्य करने की उत्साहजनक प्रेरणा प्राप्त हुई है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में विशाल उपस्थिति ने सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित महारुद्र यज्ञ को और अधिक विस्तृत रूप प्रदान करने के प्रति ऊर्जा प्रदान की है , और यह सभी सहयोगियों के परस्पर सहयोग निष्ठा और समर्पण से ही संभव हो सका है।

आपे कहा कि समाजों के जुड़ाव का कार्य अभी अधुरा रहा है। इसे और आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसमें सदस्यों का सहयोग वांछित है। श्री झालानी ने सनातन धर्म सभा की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से बताया की आने वाले समय में हम इस योजना पर कार्य करने पर विचार कर रहे हैं की त्रिवेणी तट को जन सहयोग से शहर के एक धार्मिक पर्यटन दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित और स्थापित करें। बैठक मे सदस्यों के बीच त्रिवेणी परिसर का सर्वे प्लावन प्रस्तुत करते हुए आपने यह भावना व्यक्त की। त्रिवेणी तट और महारूद्र यज्ञ का आयोजन तथा रतलाम के सनातन समाज की यह जो एकता व धार्मिक प्रतीक की पहचान है, उसे स्थायित्व प्रदान करने की दिशा मे प्रयास किया जा रहा है।

आपने सनातन धर्म के मंदिरों व धार्मिक संपत्तियों की दुर्दशा उनके प्रबंधन तथा शासकीय नियंत्रण व वहां की आय से अर्जित धन के सदुपयोग व देवस्थानों के सुधार व विकास की योजना बनाने के लिए एक उप समिति गठित करने की जानकारी दी। सनातनी घर परिवारों को जोडने़ एवं युवाओं मे संस्कार विकसित करने मैं सहभागिता अर्जित करने उद्देश्य से आपने पूजा पाठी पुजारी कर्मकाण्डी, पण्डित व ज्योतिषियों आदि की एक बैठक आगामी दिनों में आयोजित करने की जानकारी दी। श्री झालानी ने सदस्यों से अभी से ही आगामी 72 वे महारुद्र यज्ञ की तैयारी के लिए जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कोमल सिंह राठौड़ ने विगत 70 वर्ष की सनातन धर्म की इस महारुद्र यज्ञ की आवश्यकता, कारण व इतिहास पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ सदस्य रमेशचन्द्र व्यास ने बैठक में यज्ञ आयोजन की भूमिका बताते हुए आशा व्यक्त की कि सनातन धर्म सभा द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर श्री सनातन धर्म सभा को वहां चौमुखा महादेव की स्थापना के चल रहे प्रकरण में पक्षकार बनाने का अवसर प्राप्त होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र शर्मा ने आगामी 24 अप्रैल से श्री डोंगरे जी महाराज की प्रतिमा अनावरण के उपलक्ष्य मे श्री उत्तम स्वामी जी के मुखारविंद से होने जा रही श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी की जानकारी देते हुए सदस्यों से इसमें सहयोग प्रदान करने और ऐतिहासिक रूप से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में सदस्यों ने अपनी राय रखते हुए समिति मे ऊर्जावान साथियों को जोडने़ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य रामचंद्र शर्मा एवं मनोहर पोरवाल ने भी संबोधित किया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, श्रीमती तारा बहन सोनी, श्रीमती राखी व्यास, लालचंद टांक सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। नवनीत सोनी ने आभार व्यक्त किया।

## रतलाम में अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य रैली



**रतलाम।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को रतलाम शहर में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सामाजिक संगठनों के साथ-साथ राजनीतिक दलों ने भी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। दिन की शुरुआत अजाक्स संगठन द्वारा अलकापुरी चौराहे से निकाली गई भव्य वाहन रैली से हुई। सबसे आगे तिरंगा लेकर संगठन पदाधिकारी वाहन में सवार थे, उनके पीछे पदाधिकारी बाइक और पैदल मार्च करते हुए हाथों में जय भीम लिखे झंडे लेकर चल रहे थे। रैली शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर दोपहर 1.45 बजे डॉ. अंबेडकर सर्कल पहुंची, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और ÷बाबा साहेब अमर रहें के गगनभेदी नारे लगे।

## समरसता का भाव लेकर कार्य करें : चौहान

### जन अभियान परिषद ब्लॉक रतलाम द्वारा अंबेडकर जयंती पर जनपद सभा कक्ष में किया गया व्याख्यान कार्यक्रम

**रतलाम।** कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व में महापुरुषों की जन्म जयंती के कार्यक्रम आयोजित करता है उसी क्रम में आज डॉक्टर भीमराव जी अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम भी परिषद की कार्य योजना अनुसार प्रत्येक ब्लॉक में किया जा रहा है। महापुरुषों के विचार प्रत्येक सामाजिक कार्यकर्ता के अंदर जाए और वह उन विचारों को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

मुख्य अतिथि, बाबूलाल मालवीय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने अपने जीवन आदर्शों एवं विचारों से समाज में समरसता का भाव लाने हेतु कार्य किया है। भीमराव जी ने समाज को एक भाव लाने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन करते हुए समाज को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया है।



मुख्य वक्ता, विजेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि महापुरुष ऐसे ही नहीं बनते उन्होंने इस देश धर्म और समाज के लिए अपना सब कुछ देकर के समाज को एकरूपता, समरसता में लाने जैसे कार्य किए हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक निम्न परिवार में हुआ लेकिन उनके विचार को आगे बढ़ाने में सामान्य परिवारों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिस परिस्थिति में उन्होंने अपने घर से निकलकर अपनी शिक्षा का अध्ययन किया उसके पश्चात विदेश में जाकर के विभिन्न प्रकार की डिग्रियां प्राप्त करते हुए देश के कानून मंत्री के रूप में संविधान निर्माण में उनकी एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है हमारा संविधान भारत का सर्वश्रेष्ठ संविधान है जिसे हम आज भी पालन करते हैं और यह डॉक्टर भीमराव जी की देन है कुछ महापुरुष समरस होते हैं जो समाज में समरसता के माध्यम से जागृति का कार्य करते हैं उन्हीं महापुरुषों में से एक डॉ भीमराव अंबेडकर हैं जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर करते हुए भारत को आगे बढ़ाने हेतु संविधान का निर्माण किया।

विशेष अतिथि कन्हैयालाल पाटीदार ने भी डॉक्टर साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें और कहा कि जन अभियान परिषद ऐसे महापुरुषों को जन जन तक ले जाने का कार्य बड़ी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है।

शबरी मंडल अध्यक्ष संजय पाटीदार ने कहा कि परिषद के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान, पक्षियों के लिए सकोर वितरण कर इस कार्य को आगे बढ़ा रहा है। नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों का विकास एवं उनमें नेतृत्व क्षमता निखारना साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका रखते हुए महापुरुषों की जन्म जयंती के माध्यम से विचारों को नीचे ले जाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता राजेश जी सोलंकी ने किया एवं आभार ओमप्रकाश पाटीदार ने माना कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक शैलेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में समरसता महापुरुषों के चित्र भेंट किए। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि नरेंद्र श्रेष्ठ, जितेंद्र राव, परामर्शदाता मेघा श्रोत्रिय, हरीश सिलावट ,धनपाल शर्मा, नगर /ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी एवं नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता के जन्मोत्सव पर मूर्ति स्थल पर श्रद्धालुओं का लगा मेला : बी.एल. हरोड़

**रतलाम।**

बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जी का 135 वां जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज का माहौल देखकर हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आज मूर्ति स्थल के चहूओर उमंग उत्साह और श्रद्धा का सैलाब था।



बाबा साहब डॉ. अंबेडकर स्मारक समिति के साथ नगर की कई संस्थाओं राजनीतिक पार्टियों खासकर सत्तारुढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष सुबह से ही अंबेडकर सर्कल पर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष भी पूरे दल के साथ ओर अन्य श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा था, सबने संविधान निर्माता के प्रति नतमस्तक होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंबेडकर सर्कल बाबा साहब डॉ. अंबेडकर अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा.. बाबा साहब का नाम रहेगा... के नारों से गुंजायमान था। स्मारक समिति की ओर से बाबा साहब को माल्यार्पण कर कृतज्ञता ज्ञापित की।

स्मारक समिति के जिलाध्यक्ष बी.एल. हरोड़, यासिन मंसूरी, जी.आर. दडिंग, रमेश मरमर, हेमेन्द्र वाला, जगदीश सूर्यवंशी, विजया हरोड़, ज्योति बनोधा, मीनाक्षी हरोड़, रघुनाथ ढाबी, पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी, आर.एस. गोयल, आर.सी. वाला, सोनू दडिंग, मिशका वाला सहित सैकड़ों स्त्री-पुरुषों बच्चों की उपस्थिति में बाबा साहब के जन्मोत्सव पर चार चांद लगा दिए। गर्मी के मौसम में वाल्मीकी समाज और बीजेपी की ओर से श्रद्धालुओं को ठंडी छाछ की व्यवस्था की गई।

## विश्व रत्न बाबा साहेब की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई

**रतलाम।** बैरवा समाज रतलाम द्वारा 14 अप्रैल 2025 को विश्व रत्न बाबा साहेब की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बैरवा समाज रतलाम के द्वारा श्री राम मंदिर पर स्वागत मंच बनाया गया जिसमें समाज के सभी लोगों द्वारा बाबा साहब तथा संत श्री बालीनाथ जी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा बाबा साहब के सामाजिक उत्थान के कार्यों को याद किया गया। अजाक्स एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा निकाली गई वाहन रैली का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया तथा रैली में शामिल सभी वाहन चालकों को बैरवा समाज की ओर से शीतल छाछ एवं जल का वितरण किया गया। तत्पश्चात रतलाम के सभी समाजजन रैली में शामिल होकर अंबेडकर सर्किल पर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों की सहायता के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाएगी आईसीसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अफ़ग़ानिस्तान की विस्थापित महिला क्रिकेट क्रिकेटरों की सहायता के लिए आगे आई है। आईसीसी ने इन महिला क्रिकेटरों की सहायता और उनके विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने की बात कही है। आईसीसी की इस पहल से इन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे उनके खेल और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलेगी। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया ये ये जानकारी दी है। शा ने कहा, मुझे आईसीसी की ओर से यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने बीसीसीआई, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत ही हम अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट और विकास की यात्रा में सहायता देंगे। आईसीसी के अनुसार यह टास्क फोर्स इस महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सहायता देगी, बल्कि खिलाड़ियों को कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ ही मार्गदर्शन भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए आईसीसी एक विशेष कोष बनाएगा। ये सीधे तौर पर इन खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, जिससे ये विस्थापित महिला क्रिकेट अपना खेल जारी रख सकें। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस टास्क फोर्स के ज़रिए इन खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं, कोचिंग प्रोग्राम और मानसिक रूप से मज़बूत बनने के लिए जरुरी सलाह भी दी जाएगी। अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान शासन के बाद महिला खिलाड़ियों पर रोक लगा दी गयी थी जिसके बाद इन खिलाड़ियों को देख छोड़कर भागना पड़ा था।

# पंजाब किंग्स का मुकाबला आज केकेआर से होगा

शाम 7:30 बजे से शुरु होगा मैच

**मुल्लांपुर ।** पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसे इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पिछ्ले मैच में टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 82 रनों की सहायता से 245 रन बनाये थे। इसके बाद भी टीम अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पायी थी। ऐसे में साफ है कि उसके गेंदबाजों को अब बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मोहली के इस मैदान को बल्लेबाजी विकेट माना जाता है। यहां अधिकतर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रही है। ऐसे में पंजाब के टीम को यहां बेहतर रणनीति से उतरना होगा। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का मनोबल भी पिछ्ले मैच के बाद कमजोर हुआ है। उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों पर पिछ्ले मैच में जमकर रन बने थे। ऐसे में इन्हें बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इन दोनों ने पिछ्ले मैच में सात ओवर में ही 96 रन दिये थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर संशय में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार कराती है तो भी पक्का नहीं है कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। पंजाब की गेंदबाजी




इकाई का इकॉनमी रेट भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसके स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने 5 मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह प्रयोग भी नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे अच्छे स्पिनर है जो अनुकूल हालातों का पूरा लभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर प्रभावी है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर ही हराया था। जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। । पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा प्रियांश आर्य ओर नेहल वढेरा व प्रभसिमरन सिंह और फिनिशर शशांक सिंह पर निर्भर है। उसे दो खिलाड़ियों ऑलाउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस कमजोर फार्म से नुकसान हुआ है। अब वह इनसे बेहतर प्रदर्शन चाहेगी। केकेआर की बात करें तो उसकी बल्लेबाज नरेन के अलावा क्विंटन डी कॉक, कप्तान आजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर व मनीष पांडे जैसे बल्लेबाजों पर अधारित रहेगी जबकि गेंदबाज की कमान हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉकिया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

## ऋतुराज की जगह आयुष को शामिल करेंगी सीएसके, पृथ्वी की वापसी का सपना टूटा

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम कप्तान ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उनकी जगह पर मुंबई के उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शामिल करेगी। सीएसके के इस कदम से खराब दौर से गुजर रहे पृथ्वी शॉ को करारा लगा है।



वहीं इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा था कि सीएसके को ऋतुराज की जगह पर पृथ्वी को शामिल करना चाहिये पर इस बल्लेबाज के खराब फार्म को देखते हुए सीएसके इसके लिए तैयार नहीं है। जिससे पृथ्वी की आईपीएल में वापसी की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी हैं। इसी को देखते हुए. सीएसके इस साल ईरानी कप मैच में मुंबई की ओर से फर्स्टक्लास डेब्यू करने वाले आयुष को शामिल करने की दिशा में काम कर रही है। सीएसके प्रबंधन की ओर से कहा गया, आयुष कुछ दिनों में टीम से जुड़ेंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया, उन्हें तुरंत फ्रेंचाइजी में शामिल होने के लिए कहा गया है पर टीम के साथ जुड़ने में उन्हें कुछ समय लगेगा। आयुष इससे पहले हुई नीलामी में नहीं बिके थे जबकि उनका आधारमूल्या 30 लाख रुपये था। फ्रेंचाइजी ने म्हात्रे को चेन्नई में ट्रायल के लिए बुलाया जिसमें गुजरात के उर्विल पटेल और उत्तर प्रदेश के सलमान नज़र भी शामिल थे। पृथ्वी का नाम भी सामने आया पर प्रबंधन ने गायकवाड़ के विकल्प के रूप में आयुष को शामिल किया। इस उभरते हुए क्रिकेटर ने पिछ्ले साल घरेलू डेब्यू के बाद से ही नौ फर्स्ट्क्लास और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में दो शतक और 50 ओवर के प्रारुप में दो शतक लगाये हैं।

## धोनी अब संन्यास लेकर कमेंट्री करें : हेडन

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को अब संन्यास लेकर कमेंट्री करनी चाहिये। हेडन ने कहा कि धोनी अब अपने करियर के अंतिम चरण में हैं।

इसलिए उन्हें वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिये। आईपीएल के इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह एक भी मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं।



धोनी बल्लेबाज के लिए निचले क्रम पर भी उतरते हैं। इसके पीछे का कारण कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ये बताया है कि धोनी का शरीर अब पहले जैसा नहीं है , वहीं हेडन का माना है कि धोनी को संन्यास के बाद कमेंट्री करनी चाहिये। इस पूर्व क्रिकेटर का माना है कि धोनी ने अब लय खो दी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान धोनी के माता-पिता की मौजूदगी ने उनके संन्यास की अटकलें ते हुई थी पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसका कारण है कि धोनी को टीम ही नहीं छोड़ रही है। रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने से उन्हें उन्हें एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ रही है।

वहीं फ्लेमिंग ने कहा है कि धोनी अपने संन्यास पर फैसला स्वयं करेंगे। मुझे इस बारे में नहीं पता। मैं उनके साथ काम करके खुश हूं। वह अभी भी मजबूत हैं और खेल का आनंद ले रहे हैं।

# नाइटहुड से सम्मानित होने वाले 13 वें क्रिकेटर हैं एंडरसन

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। एंडरसन इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। एंडरसन 13वें क्रिकेटर हैं जो खेल में योगदान देने के लिए नाइटहुड उपाधि से सम्मानित हुए हैं। अब तक ये सम्मान सर विली हेमिंग्स (1954), सर डिक हार्टले- (1958), सर एडगर फ्राय (1959), सर वॉरेन बर्ड (1961), सर क्लाइव लॉयड (1983), सर इयान बॉथम (2007), सर ज्योफ बॉब- (1999),सर जॉन रिकेट्स



(2007),सर ग्रांट लॉब (2012), सर जॉन टॉर्रे (2015), सर ब्रायन लारा (2019), सर माइकल क्लार्क (2020)। एंडरसन साल 2000 से यह सम्मान पाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकाट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को यह सम्मान मिला था। जेम्स एंडरसन ने अपना अंतिम टेस्ट मैच जुलाई 2024 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था। मई 2003 में यहीं पर एंडरसन ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था।

# रोहित का लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक : मांजरेकर

**अहमदाबाद ।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि आगामी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं।

भारतीय टीम आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है उसको देखते हुए रोहित का फार्म हासिल करना जरुरी है। मांजरेकर ने कहा कि टेस्ट ओर टी20 प्रारुप अलग होता है पर इसके बाद भी रन बनने से खिलाड़ी की लय बनी रहती है और उसका मनोबला बढ़ा हुआ रहता है। मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के मैचों में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले



रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही। वहीं पिछ्ले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह अब भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और उनमें से बहुत से खिलाड़ी ऐसी पिचों पर निर्भर करते हैं जहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को परेशानी आ सकती है।

## विश्व तीरंदाजी : भारत के धीरज को मिला कांस्य

**ऑबर्नडेल ।** भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने यहां हुई विश्वकप तीरंदाजी के चरण एक के व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीता है। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को भी रजत पदक मिला है। इसके अलावा मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मिला था। इस प्रकार भारत को इस टूर्नामेंट में कुल मिलाकर चार पदक मिले हैं। धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में 2-4 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज को हालांकि सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। धीरज , तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारे थे जिससे भारत को रजत पदक ही मिल पाया था। वहीं इससे पहले भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्ध में कांस्य पदक मिला था।

## शर्मिला टैगोर ने मजबूती के साथ जीती कैंसर से जंग

अपने जमाने की मश्हूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने मजबूती के साथ और बिलकूल से कैंसर जैसी बीमारी के खिलाफ जंग जीती। बीते साल 2023 में अभिनेत्री को फेफड़ों का कैंसर होने का पता चला था, लेकिन इस बात की भनक किसी को नहीं लगने दी। उन्होंने चुपचाप और हिम्मत के साथ इस बीमारी का सामना किया और अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस खबर ने उनके प्रशंसकों को चौंका दिया, लेकिन साथ ही उनके साहस और आत्मबल की भी सराहना हो रही है। हाल ही में उनकी बेटी सोहा अली खान ने इस बारे में एक यूट्यूब बातचीत में खुलासा किया। नयनदीप रक्षित से बातचीत करते हुए सोहा ने बताया कि उनके परिवार ने पिछ्ले साल एक बड़ा और कठिन समय देखा। उन्होंने बताया कि उनकी मां को स्टेज ज़ीरो पर लंग कैंसर का पता चला था, जो काफी जल्दी पहचान में आ गया। सौभाग्यवश, उन्हें न तो कीमोथेरेपी की जरूरत पड़ी और न ही किसी अन्य लंबी इलाज प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। बीमारी को शुरुआती अवस्था में ही उनके शरीर से हटा दिया गया और अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं।



## शाहरुख और मैं जुड़वां भाइयों की तरह : अभिजीत भट्टाचार्य



कई हिट फिल्मों में बालीवुड एक्टर शाहरुख खान के लिए आवाज देने वाले मशहूर सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य अब अक्सर उनके खिलाफ तल्ख तेवर दिखाते नजर आते हैं। हाल ही में उन्होंने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की कि उन्हें गानों का क्रेडिट नहीं मिल पाता और सब कुछ शाहरुख के नाम कर दिया जाता है। अभिजीत ने मजाकिया अंदाज़ में कहा, शाहरुख और मैं जुड़वां भाइयों की तरह हैं, मतलब आवाज के मामले में। लेकिन अब तो लगता है कि सारे गाने उन्होंने ही गाए हैं। शाहरुख ने ही गाने लिखे, म्यूजिक कंपोज किया, फिल्म बनाई, सिनेमैटोग्राफी की–सब कुछ उन्होंने किया है। मैं क्या कर सकता हूं? लोग मुझसे कहते हैं कि ये शाहरुख का गाना है, तब मुझे समझ आता है कि हां, शायद मेरा कुछ था ही नहीं उसमें। अभिजीत का ये तंज उस दौर की ओर इशारा करता है जब उन्होंने 'चलते चलते', 'तौबा तुम्हारे ये इशारे' जैसे कई सुपरहिट गाने गाए थे, जिन्हें आज भी शाहरुख के नाम से ही याद किया जाता है। उन्होंने कहा, चलते-चलते फिल्म तो ऐवरेज थी, लेकिन गाने हिट थे। अब गानों के हिट होने के बाद भी अगर पहचान किसी और को मिले तो दुख तो होता है।

## राहुल ने मुझे नई पहचान दी

अभिनेता सुमित जायसवाल के लिए %राम भवन% सिर्फ एक और भूमिका नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और व्यक्तिगत यात्रा है–जिसमें निर्माता राहुल कुमार तेवरी के साथ उनका गहरा जुड़ाव झलकता है।सुमित कहते हैं, अगर राहुल तेवरी सर ना होते, तो मैं आज जहां हूं, वहां शायद नहीं होता। उन्होंने मुझे सिर्फ एक भूमिका नहीं दी, बल्कि एक नई पहचान दी। वो हमेशा मेरी कहानी का अहम हिस्सा रहेंगे। मैं उनके प्रति सिर्फ आभार ही नहीं, बल्कि गहरा सम्मान और आदर भी रखता हूं। वो एक ऐसे मेंटर हैं जो नए टैलेंट को बिना झिझक प्रोत्साहित करते हैं। उनके साथ दूसरा शो करना सिर्फ एक काम नहीं, बल्कि एक सौभाग्य और घर वापसी जैसा अनुभव है। राहुल सर एक सच्चे विजनरी हैं।



## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की कोस्टाओ




सेजल शाह द्वारा निर्देशित और विनोद भानुशाली द्वारा निर्मित, कोस्टाओ एक हाई-ऑक्टेन क्राइम ड्रामा है, जो गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले मेवरिक कस्टम अधिकारी के जीवन से प्रेरित है।जब आप गोवा के बारे में सोचते हैं, तो शायद आपके दिमाग में जीवंत समुद्र तट और जीवंत पार्टियाँ आती हैं। लेकिन तीन दशक पहले, गोवा का अंधेरा पक्ष एक बहुत ही अलग कहानी बयां करता था - एक ऐसी कहानी जिसमें तस्करी और रहस्य हावी थे। इस भयावह अतीत से प्रेरणा लेते हुए, ज़ी 5 अपनी नवीनतम मूल फिल्म, कोस्टाओ के साथ इतिहास के एक अनकहे अध्याय को उजागर करने के लिए तैयार है, जिसमें नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में हैं।

## मौनी रॉय के साथ नज़र आएंगे नवीन

'दि भूतनी', रिलीज़ के लिए तैयार है। इस फिल्म में नवीन को यंग संजय दत्त की ड्रीम रोल निभाने का मौका मिला है और उनके अपोज़िट हैं खुद मौनी रॉय।हाँ एक ओर नवीन को संजू बाबा का किरदार निभाने की खुशी है, वहीं वह मौनी रॉय के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर भी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने मौनी के साथ अपने अनुभव को लेकर दिल खोलकर बात की।नवीन ने बताया, मुझे आज भी याद है मौनी के साथ मेरा पहला दिन ऑन-सेट... सच में रोंगटे खड़े हो गए थे।



## ख़ौफ़ का रोमांचक ट्रेलर लॉन्च

प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी हिंदी ओरिजिनल सीरीज़ ख़ौफ़ का रोमांचक ट्रेलर लॉन्च किया। ख़ौफ़ को स्मिता सिंह द्वारा लिखा और बनाया गया है, और इसे संजय रौत्रे और सरिता पाटिल ने मैचबॉक्स शॉट्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। इस आठ एपिसोड की सस्पेंस हॉरर ड्रामा सीरीज का निर्देशन पंकज कुमार और सूर्या बालाकृष्णन ने किया है। ख़ौफ़ मनोवैज्ञानिक डर और रोंगटे खड़े कर देने वाले सस्पेंस को बेहतरीन ढंग से मिलाकर, दर्शकों को एक डरावनी यात्रा पर ले जाता है, जहां हकीकत और भ्रम के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है और अज्ञात साए हर कोने में मंडराते हैं। इस सीरीज़ में मोनिका पंवार, रजत कपूर, अभिषेक चौहान, गीतांजलि कुलकर्णी और शिल्पा शुक्ला जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आएंगे।

## गायक बनने के लिए तैयार हैं आमिर

आमिर खान हमेशा अपने हर प्रोजेक्ट के प्रति समर्पण के लिए सुर्खियों में रहते हैं। अभिनेता ने एक रोमांचक व्यक्तिगत अपडेट का खुलासा किया, वह पिछ्ले दो वर्षों से गायन का प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिससे उनके पहले से ही प्रभावशाली प्रदर्शनों की सूची में एक और कौशल जुड़ गया है।अफवाहों की मानें तो आमिर अपनी आगामी फिल्म सितारे ज़मीन पर में गायन में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता कथित तौर पर फिल्म के एक ट्रैक में अपनी आवाज़ देंगे।



बच्चू लाल परमानंद दीक्षित
मिलन हाइट्स इंदौर
8349160755

राग दरबारी

# पढ़ें फारसी बेंचें तेल..!

पापा मैं तो नौकरी ही करूंगा

मैंने कहा नौकरी हैं कहां? सुबह तुम्हीं दुकान खोला करो मंगल भी। परंतु वह जिद पर अड़ा है।

तुम्हारी नेतागिरी सहयोगी बन सकती है?

क्या बताऊं बड़े सिंह सरकार तो चाहती है परंतु कोर्ट में याचिका देने वालों की कमी नहीं। कुछ न कुछ कमी बताकर सरकार की छबि पब्लिक में धूमिल करने का कुत्सित प्रयास करने वालों की कमी नहीं। विरोधी एजेंसी इन लोगों को इसके लिए पैसा देती हैं।

पहेलियां मत बुझाओ मंगू! सीधे सीधे कहो तुम पिछलग्गू हो मात्र। शासन द्वारा अनुदान राशि पर संस्थाओं में जुगाड़ हो तो बताओ।

आप अपने लड़के को आरएसएस की शाखा ज्वाइन करा दो। अभी अग्निवीर की भर्ती निकलने वाली है। अघोषित रूप से शाखा वाले बच्चों को प्राथमिकता रहती है।बाद में मैं देख लूंगा।

पापा अग्निवीर कोई नौकरी हैं? चार साल बाद बाहर फिरो चप्पल चटकाते। तब तक ओवर एज।

धंधा तुम नहीं चाहते जबकि पुश्तैनी दुकान है। नौकरी में भी उदरपोषण के अलावा क्या?

एक आइडिया है,मंगू चाचा से बात करो किसी मंत्री के प्रायवेट पीए बनवा दें। उन्हें चाहिए खर्चा पानी वो पहले टिका देना।

मुझसे ले लेगा क्या?

क्यों नहीं, बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया।

बड़े सिंह गुरू गुड़ रह गए,चेला शक्कर हो गए सूक्ति को सिद्ध कर दिया तुम्हारे लाल ने। अच्छा नाम रखा दुलार सिंह। उसके दुलार का मंत्रालय में नाम गूंज रहा है । पीएचडी डिग्री धारक भी चप्पल चटकाते घूम रहे हैं।यह कहावत उनके लिए उसने सिद्ध कर दिखला दी पढ़े फारसी बेंचें तेल ये देखो कर्ता के खेल÷।÷

परंतु तुम्हारे तेलवाले की दोस्ती तेल अवीव तक है। सारे अरब के तेल वाले उल्टे फारसी पढ़ने वाले इनसे तेल का राज पूछते हैं कि अरब में तेल ही तेल!फिर यह फारसी वाली कहावत कहां से आ गई!

किस्मत वाले हो आज तेल बेचने की जगह तुम्हारा लाल पढ़े लिखों से तेल लगवा रहा है।

तिली से तेल निकालना सुन रखा था आज पता लगा महान देश के महामना रेत से तेल निकालने की कला में माहिर हैं तभी एक तरफ सबका विकास दूसरी ओर अस्सी करोड़ को भोजन। आखिर ये आंकड़े क्या दर्शाते हैं। शायद यही कि जनता के मध्यम वर्ग रूपी रेत से टेक्स रूपी तेल निकाल कर आलसी टट्टू निखट्टू रेबडियों पर पलने वालों को यह तेल पिलाया जा रहा है ?। कहीं देखा-देखी लाड़ला मुझे ही रेत (तेल रूपी धन) समझ तेल न निकालने लग जाय।

बड़े सिंह जी! आपको खुश होना चाहिए तुम्हारा दुलार इतना होशियार हो गया है कि समुद्र की लहरें गिन कर भी कमा लेगा।

तुम्हारी सरकारी एजेंसियां नम्बर दो सिखाने का काम करती हैं। इसीलिए बेरोजगारो की बाढ़ आ गई है जो राहजनी, लूटपाट, छीना-झपटी, साइबर चोरी आदि आदि लूटने की नई नई तकनीकों को सीखने में लगे हैं ?।

जब तक वोट रूपी तेल रेत रूपी जनता से निकाला जाता रहेगा, गरीब गरीब होता जाएगा तभी रेवड़ियों के बदले वोट देता रहेगा साथ ही अमीर की तो चांदी ही चांदी। उसकी गिलट (ब्रांज) भी सोने के भाव। मरण तो है तेली के कोल्हू में पिसते हुए मध्यम वर्ग की। अभी और प्रतीक्षा करना पड़ेगा कारण जनता रूपी रेत में तेल अभी बाकी है।

गन्ने की तरह चरखी में निचुड़ जाने के बाद सही अर्थों में पढ़े फारसी बेचे तेल ये देखो कर्ता का खेल मुहावरा सिद्ध होगा।

# एक्शन में मप्र वक्फ बोर्ड

**संपत्तियों पर कब्जा करने वाले दो हजार लोग चिन्हित**

**भू-माफिया ने बनाई कई कॉलोनियां**

इंदौर। वक्फ संशोधन कानून के बाद मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड एक्शन में है। वक्फ बोर्ड ने उन 2,000 लोगों की पहचान कर ली है, जिन्होंने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है। प्रदेश में वक्फ की 15,000 से अधिक संपत्तियां हैं, जिनमें से कई पर भू-माफियाओं ने कॉलोनियों का निर्माण करवाया है।

नए संशोधन कानून के तहत वक्फ संपत्तियों को कब्जाधारियों से मुक्त करना अब अधिक आसान हो गया है। इससे वक्फ बोर्ड को अपने अधिकारों की रक्षा करने और संपत्तियों को फिर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। हाल ही में लागू किए गए वक्फ संशोधन कानून ने वक्फ बोर्ड को संपत्तियों की सुरक्षा और प्रबंधन में अधिक अधिकार और सुविधाएं प्रदान की है।

बता दें कि अगल-अगल जिलों में 2000 लोगों ने वक्फ की संपत्ति पर कब्जा कर रखा है। नए कानून के तहत वक्फ बोर्ड को अधिक शक्तियां मिली हैं, जिससे वे सीधे तौर पर भू-माफियाओं के खिलाफ गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। कब्जाधारियों से संपत्ति मुक्त कराने के बाद वक्फ बोर्ड का उद्देश्य उन परिसरों का पुनर्विकास करना है, ताकि उनका सही उपयोग किया जा सके।

# सीएम करेंगे बिजली व वोल्टेज की शिकायतों की समीक्षा

**बिजली सरप्लस तो लोगों को सप्लाई में किस तरह की दिक्कत, बताएंगे अफसर**

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश में बिजली सप्लाई न होने की शिकायतों और वोल्टेज को लेकर हो रही कम्प्लेन का रिव्यू करेंगे। यह रिव्यू समाधान ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा।

इसके साथ ही इस माह के अंतिम सप्ताह में होने वाली समाधान ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना एवं प्रसूति सहायता का रिव्यू करेंगे। साथ ही गृह विभाग की एफआईआर लिखने में देरी संबंधी शिकायतों की समीक्षा की जाएगी।

अप्रैल के अंतिम हफ्ते में होने वाली वर्चुअल बैठक के लिए एजेण्ड तय कर दिया गया है। जिसमें राजस्व विभाग के खसरा ऑनलाइन अपडेट करने में हो रही देरी पर भी चर्चा होगी। साथ ही राजस्व विभाग के नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरण भी चर्चा में रहेंगे।

ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा सामग्री खरीदी एवं अन्य भुगतानों से जुड़े आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नलजल योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

# वक्फ सुधार जनजागरण अभियान 20 अप्रैल से

इंदौर। भाजपा द्वारा 20 अप्रैल से वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देश के हर राज्य, शहर, गांव, गली–मोहल्ले में जाकर वक्फ संपत्ति के दुरुपयोग की कहानी बताई जाएगी। इस संपत्ति का सही तरीके से यदि उपयोग किया जाए तो मुस्लिम समाज की गरीबी दूर हो जाएगी।

**हर शहर, गली-मोहल्ले में जाकर बताएंगे वक्फ संपति के दुरुपयोग की कहानी**

यह फैसला नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान पर केंद्रित एक अहम कार्यशाला में लिया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और मप्र वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनवर पटेल शामिल हुए।

भाजपा ने इन तीनों को प्रदेश में आगामी वक्फ जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। जिराती ने कार्यशाला में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 मुस्लिम समाज, खासकर गरीब और जरूरतमंद तबके के लिए ऐतिहासिक बदलाव लेकर आएगा।

यह कानून वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता लाकर उनका सदुपयोग सुनिश्चित करेगा और शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध होगा। वर्षों से मुस्लिम समाज को भ्रम में रखकर तुष्टिकरण की राजनीति की गई है। अब भाजपा सच सामने लाकर समाज को जागरूक करेगी।



# नेता पुत्र, देवी के दर्शन करने नहीं, देवी को नींद से जबरन उठा कर, दर्शन देने गए थे

**है देवी आपको नीचे ही आ जाना था, इनको लग्जरी कारों सहित जबरन ऊपर आने का कष्ट क्यों दिया**

**ये सत्ता और सम्पन्नता के मद में चूर है, कानून इनके लिए है ही नही**

इंदौर । (राजेन्द्र के.गुप्ता /सात्विक गुप्ता) नेता पुत्र, देवी के दर्शन करने नहीं, देवी को नींद से जबरन उठा कर, दर्शन देने गए थे? देवी माता खैर मनाइए आप स्थापित है अन्यथा ये नेता आपको सरकारी बस में बैठ कर इनके कार्यालय में आने के निर्देश भी दे सकते थे....ये सत्ता और सम्पन्नता के मद में चूर है, कानून इनके लिए है ही नहीं? अन्यथा अब तक नेता पुत्र मुख्य आरोपी बनाए जा कर जेल भेज दिए गए होते. और उनका वाहन सबसे पहले जप्त किया होता, नियमों की धज्जियां उड़ाने पर भारी रकम का चालान बनाया होता....

### शायद इन्हें लगता है, अब इनको कोई नहीं रोक सकता है

हिन्दुज्म के सिर पर चढ़ कर सत्ता पाने वाले, अब भक्तों के साथ भगवान को भी अपना गुलाम समझने लगे है, महाकाल मंदिर की व्यवस्था हो या देवास में चामुंडा देवी मंदिर की व्यवस्थाएं हो, या देवी को निंद्रा से उठा कर, नेता पुत्र का, देवी को दर्शन देने की घटना हो, ये तो यही बता रही है....शायद अब इन्हें लगता है कि इन्होंने लोगों के मन में इतना हिन्दुज्म भर दिया है कि, इन्हें कोई नहीं रोक सकता है ?

### दर्शन करने नहीं, दर्शन देने जैसा कृत्य है ये

ये हिमाकत और अराजकता नहीं तो क्या है ? जिस तरह से देवी माता के मंदिर में, अराजकता पूर्ण तरीके से प्रवेश किया गया और सोई हुई देवी माता को उठाया गया है, ये देवी के दर्शन करने की श्रेणी में नहीं आ सकता है, ये अहंकारियों का देवी को दर्शन देने जैसा कृत्य है...

### जब देवी को नींद से उठा सकते है तो अफसर क्या चीज है ?

अब देख लो देवी माता जो व्यक्ति कारों का काफिला अवैधानिक रूप से लेकर





आपके मंदिर में असमय अंदर पहुंचा, उस व्यक्ति पर, अफसर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है, इसमें ईज्जत किसकी कम हुई है ? ये सत्ता के अहंकार में आकंठ डूब हुए है, देवी माता जब ये आपके घर (मंदिर) में जबरन घुस कर, आपको नीद से उठा सकते है तो सोचिए इन पर कार्यवाही करने की हिम्मत अफसरों में होगी क्या?

### है देवी आगे ध्यान रखना, वर्ना भक्त क्या सोचेंगे

हैं देवी आगे ध्यान रखना जब भी ऐसे अहंकारी आपको अपने दर्शन देने आए तो उठ कर नीचे ही चले आना क्योंकि जो हृदय से आपकी भक्ति करते है, धूप, लाईन में तप कर, तपती धरती पर नंगे पैर और लौट लगा कर आप तक पहुंचते है, उनको इस घटना की खबरें पढ़ कर बहुत दुख होता है। वास्तविक भक्तों को लगता है इन लोगों ने देवी माता को कितना बेबस कर दिया है। सत्ता और ताकत का ऐसा अहंकार बार – बार देखने को मिल रहा है, बस वो पवित्र स्थान कभी महाकाल का मंदिर होता है या देवी माता का या कोई अन्य....व्यक्ति भी इन्हीं के बीच के होते है...क्या जनता को ऐसा नहीं लगता कि इन जैसे लोगों की मति मारी जा चुकी है ? इस स्थिति में इनकी अन्य यात्राएं भी ढोंग ही लगती है वर्ना संस्कार तो ब्लड में आते है....

### काबिल अफसरों को नहीं देख रहा है या कानून सिर्फ आम जनता पर कार्यवाही करता है

जनता को, मीडिया को साफ दिख रहा है कि किन वाहन नंबरों के कौन से लग्जरी वाहन, मंदिर प्रांगण में प्रवेश के नियम तौड कर, बिना अनुमति लिए, अराजकता फैलाते हुए जबरन घुसे है, बस पुलिस अफसरों और पार्टी के नेताओं को नहीं दिख रहा है, ये हैं ना दृष्टि दोष या सत्ता का दुरुपयोग ? या दबाव, प्रभाव ? वाहनों पर नीली–पीली बत्तियां, हूटर और वाहनों पर लटक कर शक्ति प्रदर्शन करने पर भी पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं करना, चालान नहीं बनाना साफ प्रमाणित करता है कि कानून सिर्फ आम जनता पर कार्यवाही करता है....

# मिशन 2028 के लिए कांग्रेस अपनाएगी भाजपा मॉडल

## माइक्रोमैनेजमेंट पर फोकस...ब्लॉक, मंडल, गांव और बूथ स्तर तक बढ़ाएगी पैठ

इंदौर। मप्र में कांग्रेस अब भाजपा की रणनीति से ही उसको जवाब देगी। मिशन 2028 को लेकर पार्टी ने जो रणनीति बनाई है, उसके तहत माइक्रोमैनेजमेंट पर फोकस किया जाएगा। ब्लॉक, मंडल, गांव और बूथ स्तर तक पार्टी अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेगी। अहमदाबाद में दो दिन चले कांग्रेस अधिवेशन में तय हुआ है कि यही पार्टी की स्ट्रैटजी भी होगी। अधिवेशन में ये भी तय हुआ है कि पार्टी अपने रिवाइवल पर काम करेगी। कांग्रेस के अधिवेशन में इस पर मंथन हुआ कि पार्टी भितरघातियों यानी स्लीपर सेल पर नकेल कसकर जमीनी नेताओं को पावर देने की तैयारी में है। राहुल गांधी का रिवाइवल प्लान ऐसे लोगों को आगे लाने का है, जिन पर जनता भरोसा करती हो। दिल्ली में उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को बुलाकर उन्हें ज्यादा अधिकार देने की बात कही है, ताकि वो किसी के कंट्रोल में न रहें और अपने तरीके से काम कर सकें। कोई एक नेता सिर्फ अपने ही लोगों को आगे न बढ़ा पाए। ये एक लंबा संघर्ष है और इसके लिए मेहनत करनी होगी।



**बूथ लेवल पर कांग्रेस को करेंगे मजबूत**-पार्टी के रिवाइवल को लेकर तय हुआ है कि पार्टी अपनी कमियां दूर करेगी। जहां भी जरूरत होगी, बदलाव किए जाएंगे। कांग्रेस बूथ लेवल पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है और यही हमारी स्ट्रैटजी है, क्योंकि इसके बिना हम सफल नहीं हो सकते। इससे पंचायत और गांव के लेवल पर पार्टी को मजबूती मिलेगी। इससे सत्ता एक जगह केंद्रित न होकर अलग-अलग क्षेत्रों और स्तर पर बंट जाएगी। पार्टी के नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी और राजीव गांधी ने हमेशा इसी को अहमियत भी दी है। आने वाले दिनों में कांग्रेस नए जोश के साथ जनता की लड़ाई लड़ेगी। पार्टी का हर सिपाही इस लड़ाई में शामिल होगा। इसके साथ ही हम वोटर लिस्ट की बड़ी गड़बडियों और फर्जी वोटों पर भी ध्यान देंगे।

**माइक्रो मैनेजमेंट के लिए करेंगे काम**-माइक्रो मैनेजमेंट के फॉर्मूले के तहत जिलाध्यक्षों की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा अहम होने जा रही है। संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इरादा जिला इकाई को पावरफुल बनाने का है। पार्टी का टारगेट कांग्रेस के वर्कर्स को मजबूत करना और पार्टी की विचारधारा का विस्तार करना है। कांग्रेस जनसंपर्क प्रोग्राम, पदयात्राओं, आउटरीच प्रोग्राम और घर-घर अभियानों के जरिए जनता तक पहुंचेगी।

# मंत्रालय से लेकर मैदान तक होंगे बड़े बदलाव

इंदौर। केंद्र और राज्य सरकार ने विकास का जो खाका तैयारी किया है, उसको अमलीजामा पहनाने के लिए सरकार ने तैयारी कर ली है। विकास योजनाओं-परियोजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हो इसके लिए सरकार मंत्रालय से लेकर मैदान तक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने जा रही है। बताया जाता है कि इसके तहत मंत्रालय में पदस्थ अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव रैंक के अधिकारियों की जिम्मेदारी बदली जाएगी, वहीं कई जिलों के कलेक्टर भी बदले जाएंगे। मंत्रालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक सर्जरी में किस आईएएस अधिकारी को कौन-सी जिम्मेदारी दी जानी है इसका खाका मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने तैयार कर लिया है। बताया जा रहा है कि नई जमावट आगामी तीन सालों के लिए की जाएगी।

### अतिरिक्त प्रभार से मिलेगी मुक्ति

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच चर्चा में अफसरों के ट्रांसफर को लेकर सहमति बन गई है। जल्द ही अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए जा सकते हैं। वर्तमान में मप्र कैडर के एसीएस और पीएस रैंक के 15 अधिकारी केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में पदस्थ है। अफसरों की कमी के चलते मप्र में एसीएस और पीएस रैंक के अधिकतर अफसरों के पास विभागों का अतिरिक्त प्रभार है। चूंकि अधिकारी अतिरिक्त प्रभार वाले विभागों पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं, वे सिर्फ रुटीन की फाइलें आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे इन विभागों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रदेश में अफसरों की कमी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विभाग का प्रभार गत नवंबर से एसीएस नीरज मंडलोई के पास है। मंडलोई पूर्व से ऊर्जा जैसे बड़े विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। नीरज मंडलोई मुख्य सचिव अनुराग जैन से पीडब्ल्यूडी का प्रभार उनसे वापस लेने की बात कह चुके हैं। एसीएस और पीएस रैंक के अधिकारियों कमी की वजह से कृषि, स्कूल शिक्षा, जेल और परिवहन जैसे बड़े विभाग सचिव रैंक के अधिकारी संभाल रहे हैं। इन विभागों में एसीएस और पीएस पदस्थ नहीं हैं। आईएएस संजय गोयल सचिव स्कूल शिक्षा और एम. सेलवेंद्रन सचिव कृषि एवं जीएडी (कार्मिक) के पद पर पदस्थ हैं, जबकि जेल एवं परिवहन विभाग का जिम्मेदारी सचिव रैंक के अधिकारी मनीष सिंह के पास है। इनमें से किसी विभाग में एसीएस या पीएस पदस्थ किए जा सकते हैं। मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह की मंत्रालय में वापसी हो सकती है। उन्हें प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वे पूर्व में इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल चुके है।

### इन अफसरों के पास है अतिरिक्त प्रभार

प्रदेश में कई अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव हैं जो कई-कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। डॉ. राजेश राजौरा के पास एसीएस जल संसाधन विभाग का प्रभार है। अशोक बर्णवाल के पास एसीएस सहकारिता विभाग, मनु श्रीवास्तव के पास एसीएस खेल एवं युवा कल्याण, संजय दुबे के पास एसीएस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नीरज मंडलोई के पास एसीएस लोक निर्माण विभाग, अनुपम राजन के पास एसीएस उद्यानिकी एवं संसदीय कार्य विभाग, अनिरुद्ध मुकर्जी के पास एमडी मप्र राज्य संपत्ति प्रबंधन कंपनी, संजय शुक्ला के पास एसीएस विमानन विभाग, रश्मि अरुण शमी के पास एसीएस महिला-बाल विकास विभाग, दिपाली रस्तोगी के पास विकास आयुक्त मप्र, शिवशेखर शुक्ला के पास पीएस धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, डीपी आहुजा के पास पीएस आयुष विभाग, अमित राठौर के पास पीएस कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, उमाकांत उमराव के पास पीएस पशुपालन एवं डेयरी विभाग, राघवेंद्र कुमार सिंह के पास पीएस आनंद विभाग, विवेक पोरवाल के पास आयुक्त राहत एवं पुनर्वास संदीप यादव के पास आयुक्त खाद्य सुरक्षा और नवनीत मोहन कोठारी के पास महानिदेशक एप्को का प्रभार है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com